

# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र

चेन्नई सुपर किंग्स का साथ छोड़ेंगे रविचंद्रन अश्विन...... -पेजः 7

सन ऑफ सरदार 2 के बाद अब तेहरान में धमाल मचाएंगी नीरू बाजवा -पेजः 8

वर्षः 01 | अंकः 121 | शनिवार 09 अगस्त 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


## 'जो भारत में नहीं जन्मा, उसे वोट का अधिकार नहीं', एसआईआर पर अमित शाह का जवाब, राहुल-लालू पर जमकर साधा निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चल रहे राजनीतिक विवाद को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी दल बहाने ढूंढ रहे हैं क्योंकि उन्होंने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में अपनी हार स्वीकार कर ली है। एसआईआर को लेकर हुंकार भरते हुए शाह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव किसे बचाना चाहते हैं? क्या आप उन बांग्लादेशियों को बचाना चाहते हैं जो बाहर से आकर बिहार के लोगों की नौकरियाँ छीन लेते हैं? शाह ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी को ये वोट बैंक की राजनीति बंद करनी चाहिए और एसआईआर, ये पहली बार नहीं हो रहा है। इसकी शुरूआत जवाहरलाल नेहरू ने की थी और 2003 में भी यही हुआ था... बिहार चुनाव हारने के बाद ये बहाने ढूँढ रहे हैं। शाह ने वहां मौजूद लोगों से पूछा

**शाह ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी को ये वोट बैंक की राजनीति बंद करनी चाहिए और एसआईआर, ये पहली बार नहीं हो रहा है। इसकी शुरूआत जवाहरलाल नेहरू ने की थी और 2003 में भी यही हुआ था।**



कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाने चाहिए या नहीं? भारत का संविधान उन लोगों को वोट देने का अधिकार नहीं देता जो भारत में पैदा नहीं हुए। राहुल गांधी संविधान लेकर घूम रहे हैं, उन्हें भी इसे खोलकर पढ़ना चाहिए। एसआईआर, ये इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि घुसपैठिए इनका वोट बैंक हैं। अमित शाह ने कहा कि बिहार में बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि मैं तेजस्वी यादव से पूछना चाहता हूँ, उनके पिता और माता लंबे समय तक सत्ता में रहे। गुंडागर्दी, गैंग चलाने, अपहरण करने, फिरौती मांगने के अलावा आपने मिथिलांचल के विकास के लिए क्या किया है? शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू संसद में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहे हैं...लालू एंड कंपनी को पता नहीं है कि ये नरेंद्र मोदी की सरकार है, एनडीए की सरकार है। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का किसी को हक नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने वैश्विक मंच पर मिथिला की कला को हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति को मधुबनी पेंटिंग भेंट की और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति को भी मिथिलांचल की कला का नमूना देकर विदेश में मिथिला की कला का गौरव बढ़ाया है। माँ जानकी की जन्मस्थली पर जो यह भव्य मंदिर बनने जा रहा है, यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि मिथिलांचल के भाग्योदय की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि मिथिला, वाल्मीकि रामायण से लेकर महाभारत और बौद्ध व जैन साहित्य तक - हमारी संस्कृति का केंद्र रहा है। धर्मशास्त्र, साहित्य, संगीत, भाषा और तंत्रज्ञान का यह एक बहुत बड़ा केंद्र रहा है।

## राहुल गांधी ने भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणी कीः मुख्यमंत्री सैनी



**चंडीगढ़ (एजेंसी):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणियां करते रहते हैं। सैनी ने दावा किया कि पिछले दो दशकों में राहुल गांधी ने राजनीति में खुद को स्थापित करने की कई बार कोशिश की लेकिन हर बार असफल रहे। उन्होंने कहा, राहुल गांधी हर बात पर भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणी करते रहते हैं, अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए चुनाव आयोग पर टिप्पणी करना अनुचित है। सैनी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले दो दशकों में उन्होंने (राहुल गांधी ने) राजनीति में स्थापित होने के कई प्रयास किये लेकिन असफल रहे। खुद तो असफल हुए ही, अपने साथ-साथ पूरी कांग्रेस की लुटिया भी डुबो दी। सैनी का यह तीखा हमला राहुल गांधी द्वारा बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयोग के बीच मिलीभगत के जरिए चुनावों में बड़े पैमाने पर आपराधिक धोखाधड़ी करने का आरोप लगाए जाने के बाद किया गया।

## अब तक 357 लोगों को बचाया गया, तीन दिनों से ग्राउंड जीरो पर मुख्यमंत्री धामी

**धराली (एजेंसी):** (उत्तरकाशी) में आई आपदा के बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पिछले तीन दिनों से लगातार मोर्चा संभाले हुए हैं। वह ग्राउंड जीरो पर मौजूद रहकर बचाव अभियान की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं, राहत टीमों तक पहुँचकर दिशा-निर्देश दे रहे हैं और प्रभावित परिवारों को भरोसा दिला रहे हैं कि सरकार उनके साथ है। साथ ही, उनका ध्यान राज्य के विकास कार्यों पर भी है। इसी दृढ़ संकल्प के तहत, आज उत्तरकाशी से ही राज्य मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने राज्य के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। आज मुख्यमंत्री ने डीजी आईटीबीपी, डीजी एनडीआरएफ और डीजीपी उत्तराखंड पुलिस के साथ एक



उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें बचाव अभियान की प्रगति, जमीनी चुनौतियों और आपसी समन्वय को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों तक शीघ्र पहुँच सुनिश्चित करने, फंसे हुए लोगों को शीघ्र निकालने, दुर्गम क्षेत्रों में राहत दलों की पर्याप्त तैनाती, हेलीकाप्टर लिफ्टिंग कार्यों में तेजी लाने और आवश्यक संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संचार, बिजली और सड़क संपर्क की शीघ्र बहाली और राहत सामग्री की निर्बाध आपूर्ति पर भी विशेष बल दिया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रभावित व्यक्ति तक सहायता पहुँचने में कोई देरी न हो और प्रशासनिक मशीनरी पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, बीआरओ और नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर, ऑपरेशन धराली के तहत उत्तराखंड के बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित धराली और हरसिल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बचाव और राहत कार्य जारी रखे हुए है। बयान के अनुसार, व्यापक भूस्खलन के कारण धराली पूरी तरह से कटा हुआ है। हालाँकि, लिमचीगाड तक सड़क साफ करने का काम आगे बढ़ा है, जहाँ बेली ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है और शुक्रवार शाम तक पूरा होने की उम्मीद है।

## 'एक-दो हफ्ते में निकल सकता है कोई रास्ता', ट्रंप के 'टैरिफ वार' के बीच शशि थरूर ने किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी):** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया है। अमेरिकी टैरिफ वार ने सियासी और कूटनीतिक हलचल मचा कर रख दी है। टैरिफ वार को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर हमेशा से चिंता जाहिर करते आए हैं। अब एक बार फिर से उन्होंने अमेरिकी टैरिफ को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। शशि थरूर ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि अगर किसी ने अपना व्यवहार बदला है, तो हमारे देश को कई बाते सोचनी पड़ेंगी। 'भारत को काफी चीजें सोचनी पडेंगी' कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने टैरिफ मुद्दे पर अपने विचार रखते हुए कहा कि जो कुछ चल रहा है, वह बेहद चिंतित करने वाला है। एक ऐसा देश



जिससे हमारे नजदीकी रिश्ते थे और हम साथ काम करते थे। अगर उस देश ने व्यवहार में बदलाव किया है, तो निश्चित भारत को बहुत सी चीजें सोचनी पड़ेंगी। उन्होंने कहा कि शायद आने वाले एक से दो हफ्तों में हम वार्ता कर कोई रास्ता निकाल लें। भारत को भी अपने हितों को देखना पड़ेगा। हमें दूसरे देशों को भी देखना होगा। शशि थरूर ने पहले दी थी ये सलाह उल्लेखनीय है कि शशि थरूर ने इससे पहले सलाह देते हुए कहा था कि भारत को अपने उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा देना चाहिए। उनका कहना था कि किसी भी देश को भारत को धमकाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने अनुमान जताते हुए कहा कि भारत पर टैरिफ के लगने के बाद इसका असर देखने को मिल सकता है। थरूर ने दावा करते हुए कहा कि हम अमेरिका के साथ 90 बिलियन डॉलर का व्यापार करते हैं और जब सभी चीजें 50 प्रतिशत महंगी हो जाएंगी, तो खरीदारों को भी लगेगा कि हम भारतीय चीजें क्यों खरीदें। भारत पर अमेरिका ने लगाया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रंप के इस फैसले के बाद भारत पर टैरिफ 50 फीसदी हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को रूस से तेल नहीं खरीदना चाहिए। हालांकि, भारत ने कहा कि रूस से तेल का व्यापार जारी रहेगा। भारत ने दिया करारा जवाब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वाले फैसले के बाद भारत ने साफ कर दिया है कि राष्ट्रीय आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा

## उज्ज्वला कंज्यूमर को सब्सिडी, एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए भी एलान; मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले

**नई दिल्ली (एजेंसी):** मोदी सरकार की केंद्रीय कैबिनेट ने रक्षाबंधन से पहले महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में शुक्रवार को एलपीजी सब्सिडी के लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए ₹12,060 करोड़ मंजूरी दी गई। तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए 42 हजार करोड़ की मंजूरी वहीं, सस्ती रसोई गैस के लिए 30 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। इसके अलावा तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए 42 हजार करोड़ की मंजूरी दी गई। सब्सिडी देने का उद्देश्य बाजार की कीमत से कम कीमत पर रसोई गैस बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियों को होने वाले नुकसान की भरपाई करना है। देश में 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शनप्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत मई 2016 में देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के



लिए की गई थी। 1 जुलाई तक, भारत में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रीलों (और 5 किलो के सिलेंडर के लिए आनुपातिक रूप से) तक 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर 300 रुपये की लक्षित सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। इस पर 12,000 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। भारत अपनी एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। मंत्रिमंडल ने तमिलनाडु में मरिक्कनमझपुडुचेरी (46 किमी) मार्ग को चार लेन में विकसित करने की मंजूरी दी, जिसे 2,157 करोड़ की कुल पूंजी लागत पर निर्मित किया जाएगा।

## 'फर्जी वोटों के कारण 2019 चुनाव हारी थी कांग्रेस', खड़गे ने पीएम मोदी और बीजेपी पर बोला हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी):** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए वोट चोरी का आरोप लगाया। बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' को संबोधित करते हुए, मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि पार्टी 2019 के आम चुनाव 'फर्जी वोटों' के कारण हारी थी। खड़गे ने कहा कि मौजूदा सरकार चोरी की सरकार है। मोदी फर्जी वोटों से इस देश को रुला रहे हैं। मैंने 2019 में यह कहा था। अपने पूरे जीवन में, मैं 2019 के चुनावों में हारा हूँ, मैं भी फर्जी वोटों के कारण हारा हूँ, जो अब सामने आया है। बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा में राहुल गांधी के वोट चोरी के दावे को दोहराते हुए, खड़गे ने दावा किया कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में हुए चुनावों में, एक विधानसभा ने 6,60,000 वोटों का सत्यापन किया है। पिछला चुनाव विश्वासघात का चुनाव



था। मोदी की कोशिश है कि अगर लोग वोट न भी दें, तो मोदी और अमित शाह चुनाव आयोग को आदेश दें कि वह तय करे कि कहाँ कम वोट देना है और कहाँ ज्यादा। प्रधानमंत्री मोदी पहले ही कांग्रेस और अन्य दलों को डराकर बहुमत हासिल कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र और कर्नाटक विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव अवैध रूप से जीते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी उन्होंने यही चाल चली है। मोदी एंड कंपनी 2024 का चुनाव नहीं जीत पाई। उन्होंने आगे कहा कि इंडिया ब्लॉक के सांसद 11 अगस्त को दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार नहीं बचेगी, हम तुम्हें जनता से दूर कर देंगे। हम उन्हें सिर्फ.गिराएँगे ही नहीं, बल्कि उन्हें सबक भी सिखाएँगे; वे खराब आर्थिक नीतियों से हमारे देश को बर्बाद कर रहे हैं। खड़गे ने कहा कि सोमवार को सभी सांसद दिल्ली में चुनाव आयोग जाएँगे और आयोग से अपील करेंगे। हमने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन के नेताओं की एक बैठक बुलाई है। हम सभी को एकजुट होना चाहिए, वरना प्रधानमंत्री मोदी ऐसे ही सत्ता में आ जाते। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के प्रसिद्ध भाषण को याद करते हुए, खड़गे ने कहा, संविधान की रक्षा के लिए करो या मरो। कांग्रेस नेता ने कहा, उस समय उन्होंने 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन किया था। उसी तरह, हम भी संविधान की रक्षा के लिए करो या मरो का रास्ता अपनाएँगे। मैं राहुल गांधी का धन्यवाद करता हूँ। वह लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए काम कर रहे हैं। वह किसी भी चीज के लिए तैयार हैं। भले ही उनके खिलाफ 40-50 मामले दर्ज हों, फिर भी वह अपना अच्छा काम जारी रखे हुए हैं।

## 'जहां आपने सीट चोरी का आरोप लगाया, वहां सबसे ज्यादा सीटें जीती कांग्रेस'; राहुल गांधी के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को कांग्रेस के बड़े नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने राहुल पर चुनाव आयोग (एडक) के खिलाफ गलत आरोप लगाने और संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। भूपेंद्र यादव ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैलाकर देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। यह बयान राहुल के उस दावे के जवाब में आया, जिसमें उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों को बीजेपी के फायदे के लिए 'चुनावी नाटक' कहा था। इसके साथ ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी वोटों की धांधली का आरोप लगाया था। केंद्रीय मंत्री ने राहुल के दावों की सच्चाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी बातें तथ्यों से कोसों दूर हैं। राहुल ने दावा किया था कि महाराष्ट्र में 1 करोड़ नए वोटर जुड़े, लेकिन चुनाव आयोग के मुताबिक, सिर्फ 40 लाख वोटरों की बढ़ोतरी हुई। यह राहुल के दावे से 60% कम है। भूपेंद्र यादव ने तंज कसते हुए कहा, महाराष्ट्र में जहां-जहां वोट बढ़े, वहां-वहां कांग्रेस ने ज्यादातर सीटें जीतीं है। राहुल गांधी का 'वोट धांधली' का आरोप राहुल गांधी ने 7 अगस्त को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए




चुनाव आयोग ने 'चुनावी खेल' रचा। उन्होंने कर्नाटक की महादेवपुरा सीट का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 1,00,250 वोटों की 'चोरी' हुई। राहुल ने कहा कि उनकी पार्टी को कर्नाटक में 16 सीटें जीतने की उम्मीद थी, लेकिन सिर्फ 9 सीटें मिलीं। उन्होंने महादेवपुरा में वोटों की गड़बड़ी का दावा करते हुए कहा कि डुप्लिकेट वोटर, फर्जी पते और एक ही पते पर कई वोटरों का रजिस्ट्रेशन हुआ। राहुल ने कहा, हमारी आंतरिक

**केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने राहुल गांधी पर चुनाव आयोग के खिलाफ गलत आरोप लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैलाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।**

सर्वे में 16 सीटें जीतने की बात थी, लेकिन हमें 9 मिलीं। हमने सात हारी हुई सीटों की जांच की और महादेवपुरा पर ध्यान दिया। वहां कुल 6.26 लाख वोट पड़े। बीजेपी ने 6,58,915 वोटों से जीत हासिल की, जिसमें 32,707 वोटों का अंतर था। लेकिन महादेवपुरा में कांग्रेस को 1,15,586 और बीजेपी को 2,29,632 वोट मिले। हमने पाया कि 1,00,250 वोट चोरी हुए। बीजेपी का पलटवार भूपेंद्र यादव ने राहुल की भाषा को निशाना बनाते हुए कहा कि वह संवैधानिक संस्थाओं और अधिकारियों के खिलाफ धमकी भरे लहजे में बात करते हैं। उन्होंने राहुल पर सेना की बहादुरी और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर सवाल उठाने का भी आरोप लगाया उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी बार-बार झूठ बोलकर देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। वह 'परमाणु बम' छोड़ने की बात करते हैं, लेकिन उनकी बातें सिर्फ हवा-हवाई हैं। भूपेंद्र यादव ने राहुल के दावों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि कांग्रेस को अपनी हार का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने की बजाय आत्ममंथन करना चाहिए। क्या है महादेवपुरा का मामला? राहुल गांधी ने महादेवपुरा में कथित वोट चोरी के पांच तरीकों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि डुप्लिकेट वोटर, फर्जी और गलत पते, और एक ही पते पर 50-60 वोटरों का रजिस्ट्रेशन हुआ। राहुल ने दावा किया कि जब उनकी टीम ने इन पतों की जांच की, तो वहां कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। हालांकि, भूपेंद्र यादव ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि राहुल के आरोप बिना सबूत के हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर सवाल उठाना गलत है

और राहुल को अपने दावों के लिए

# संपादकीय

## ट्रंप टैरिफ का दंश

अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ वॉर का दांव चल कर दुनिया के तमाम देशों को निशाने पर ले रहे हैं। भारत पर पच्चीस फीसद टैरिफ लगाने का फैसला पहले ही सुना चुके हैं। अब चौबीस घंटों के भीतर इससे कहीं ज्यादा टैरिफ लगाने की उनकी घोषणा एक और चेतावनी है। ट्रंप ने भारत के रूस से तेल खरीदने को वॉर मशीन की मदद करने सरीखा बताया है। भारत ने तत्काल इसे तर्कहीन बताया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका भी रूस से परमाणु उद्योग के लिए यूरेनियम, हेक्साफ्लोराइड और इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन आयात करता है। कड़े प्रतिबंधों के बावजूद अमेरिका ने तकरीबन साढ़े तीन अरब डॉलर का रूसी गुड्स ट्रेड किया है। भारत सरकार ने भी स्पष्ट किया कि वैश्विक बाजार को स्थिर करने के लिए अमेरिका द्वारा रूस से तेल खरीदते रहने को प्रोत्साहित किया गया था। मोदी को मित्र बता कर गलबहियां करने वाले ट्रंप के बदलते तेवर कूटनीतिक रूप से हताशा भरे माने जा सकते हैं। उन्होंने भारत को अच्छा व्यापारिक साझेदार न बता कर संदेह को भी बढ़ाने का काम किया है। रूस से सिर्फ तेल खरीद ही असल मुद्दा नहीं है। अमेरिका को भारत का रूसी सैन्य उपकरण लेना भी अखरता रहा है। अमेरिका के दबदबे को घुड़की देकर भारत ने वैश्विक समुदाय के समक्ष पश्चिमी देशों की पाखंड वाली नीति पर प्रश्न चिह्न लगाने में भी गुरेज नहीं किया। यूक्रेन में रूस के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर कर रहे गुटों की बात की जाए या व्यापार की तो इसकी किसी पारदर्शी योजना का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। साल के अंत में रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा संभावित है। तब भी अमेरिका अपनी आक्रामकता पर काबू करने में विफल रहने वाला है। खुद को शांति दूत के तौर पर पेश करने की ट्रंप की तमाम कोशिशों को दुनिया भली-भांति देख रही है। भारत न सिर्फ विशाल बाजार है, बल्कि उसे अन्य मुल्कों के साथ साझीदारी/व्यापार करने से रोक पाना आसान नहीं है। उसे अपनी बढ़ती अर्थव्यस्था की गति को स्थिर रखने और घरेलू दबावों के चलते अपने रुख पर कायम रहना होगा। ट्रंप की भभकी का असर अधिक इसलिए भी नहीं रह जाता क्योंकि वे अस्थिर व्यक्ति हैं। उनके बयानों/विचारों में ढुलमुलाहट के चलते घबराने की तनिक आवश्यकता नहीं है।



# चिंतन-मनन

## व्यक्तिगत चेतना का विस्तार

दूसरों के सुख-दुख का भागी बनने से हमारी व्यक्तिगत चेतना विकसित होकर विश्व चेतना बन जाती है। समय के साथ जब ज्ञान की वृद्धि होती है, तब उदासीनता संभव नहीं। तुम्हारा आंतरिक स्रोत ही आनन्द है।अपने दुःख को दूर करने का उपाय है विश्व के दुख में भागीदार होना और अपनी खुशी को बढ़ाने का उपाय है विश्व के आनन्द में सहभागी होना। जब सभी लोग इस विचार से आएंगे कि वे समाज को अपना क्या योगदान दें, तो वह दैवी समाज होगा।हम सबको अपनी व्यक्तिगत चेतना को शिक्षित और शिष्ट करना है ताकि समय के साथ ज्ञान की वृद्धि हो, परिवर्तन आए। यदि ध्यान में तुम्हें गहन अनुभव न हो रहे हों तो और सेवा करो- ध्यान में अधिक गहराई आएगी।ध्यान तुम्हारी मुस्कान वापस लाता है। कई व्यक्ति सेवा करना छोड़ देते हैं जब वे अपनी छवि, प्रतिष्ठा, सम्मान, सुविधा और आराम को लक्ष्य की प्राप्ति से अधिक महत्व देने लगते हैं। कई बार लोग सेवा से कतराने लगते हैं, जब उन्हें कोई पद नहीं मिलता या जब वे अपमानित महसूस करते हैं। जब उन्हें अपेक्षानुसार कम मिलता है या जब वे लक्ष्य की प्राप्ति को चुनौती न समझकर संघर्ष समझते हैं। इसीलिए, संसार में कुछ ही लोग लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब होते हैं।

जब ऐसा कुछ करना है जो तुम नहीं कर सकते, तब विश्राम नहीं कर सकते और तब भी विश्राम नहीं कर सकते जब लगता है कि तुम्हें वह बनना है जो तुम नहीं हो। ऐसा कुछ नहीं करना जो तुम नहीं कर सकते। तुमसे वह देने के लिए नहीं कहा जाएगा जो तुम नहीं दे सकते। जितना तुम कर सकते हो, केवल वही तुम्हारे हिस्से की सेवा है।यह समझ गहरा विश्राम देती है। यदि तुममें आकांक्षा या आलस्य है, तुम विश्राम नहीं कर सकते।दोनों ही गहरे विश्राम के विरुद्ध हैं। एक आलसी व्यक्ति रात भर करवटें बदलेगा, बेचैन रहेगा और एक आकांक्षी व्यक्ति अंदर ही अंदर जलेगा।गहन विश्राम तुम्हारी कलाओं और योग्यताओं को उभारता है और तुम्हें अपने स्वरूप के समीप लाता है।थोड़ा सा भी यह आभास कि ईश्वर तुम्हारे साथै है, गहरा विश्राम लाता है।प्रार्थना, प्रेम तथा ध्यान गहन विश्राम के विशिष्ट रस हैं।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# संस्थान में लालच से नहीं ईमानदारी से काम करें



संजय गोस्वामी

यदि हम किसी संस्थान में काम करते हैं तो ईमानदारी जरुरी है आज हमें अपने बारे में नहीं संस्थान के बारे में सोचना चाहिए किसी भी चीज को तोड़ना आसान होता है जोड़ना मुश्किल इसी तरह की एक घटना मेरे आँखों के सामने घटी जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है बात करता हूँ एक संस्थान जो चैर्टीबल संस्था थी उसमें पहले सरकार से हिंदी में विज्ञान के प्रचार हेतु अच्छा फंड मिलता था जो अब बन्द होने के कगार पर है ऐसे तो सरकारी संस्था विज्ञान प्रसार तो बन्द हो गई लेकिन हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद अभी जिन्दा है लेकिन हैंगिंग अवस्था में है इसमें दो गुट बन गए जो दुर्भाग्यपूर्ण है दरअसल 2021 में कोरोना का संकट आया और परिषद के साथ एक लोकल इंजीनियरिंग कॉलेज की संस्था विवेकानंद मॅनग्मेंट कॉलेज, चेम्बूर से एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होना था जो बन्द हो गया लेकिन उसकी पुरी तैयारी कर ली गई बाद में सचिव ने कोषाध्यक्ष से कोई चेक ले लिया और खर्ज कर देने का दावा किया और जो बैग आनेवाला था वो आ गया ऐसा बताया गया लेकिन कोषाध्यक्ष ने बाद में बैग को देखने की इच्छा जताई लेकिन यह कहकर की बैग को डिस्पोजल कर दिया इसपर कोषाध्यक्ष को पैसा गमन करने का आरोप लगाया और दोनों में काफी खींचातानी हुई हालांकि उनका रुख मेरे प्रति एक जगह काम करने से काफी नरम रहा लेकिन उन्होंने इस हेतु ऑनलाइन आमसभा बुलाई और उसमें अधिकतर लोगों ने यह मान ली की बैग डिस्पोजल हो गया उधर एक अलग ही ड्रामा चालू हुआ कि अगले चुनाव में अध्यक्ष के लिए खड़ा होंगे अगले चुनाव में लेकिन लोगों ने समझाया भाई बहुत साल तक आप परिषद में हैं अतः आप खुशी खुशी निकल जाए और दूसरों को मौका दें दरअसल परिषद में लोगों को आने जाने और बड़े बड़े लोगों के साथ बैठने में दिलचस्पी हुई और अब ऐसी स्थिति आई कि एक पद के लिए दो क्या दो से अधिक उम्मीदवार ने नामांकन भरा और बाद में आम सभा में 2016 में पहली बार चुनाव हुए और उस चुनाव में एक कोषाध्यक्ष थे जो तीन टर्म तक थे एक सचिव के लिए जो खड़े थे उन्होंने उसकी भरी सभा में बेइज्जती की कहा आप 2या तीन टर्म तक रहें हैं अतः आप उसी पद के लिए नहीं खड़ा हों लेकिन उन्होंने नहीं सुना, और चुनाव अधिकारी ने भी देखते हुए कहा आप तीन बार खड़ा हों चूंके हैं अतः आप नहीं हों सकते लेकिन चुनाव अधिकारी के साथ मुझे आमसभा ने मदद करने को कहा उस समय मैंने चुपके से कहा की चुनाव अधिकारी जी कहने से नहीं होता सबूत के आधार पर फैसला होता है तभी उन्होंने अपनी कुर्सी का महत्व समझते हुए उन्होंने उनसे सबूत माँगा और अचानक सबूत जुटाना मुश्किल था क्योंकि उसे कहाँ पता था कि इतनी जल्दी कोई सबूत भी मांग लेंगे और आमसभा ने चुनाव अधिकारी के फैसला को सही मानते हुए उसे चुनाव में खड़ा होने की अनुमति दि बाद में मुझे लगा उनकी संख्या बल कमजोर है क्योंकि जो सचिव के लिए खड़ा होने वाले थे वो उस उम्मीदवार का समर्थन कर दिया जिसने उनके खिलाफ कोषाध्यक्ष के खड़ा होने पर सवाल उठा दिए थे और फिर जैसे तैसे लास्ट मिनट में एक मित्र आया और उनके पक्ष में वोट कर दिया और मैच हों गया टाई अब वहाँ अध्यक्ष को निर्णय लेना था वो किसे चुनता है बाद में अध्यक्ष ने कोषाध्यक्ष को अपना समर्थन दिया और पुनः कोषाध्यक्ष बने लेकिन जिसने आम सभा में उसके खिलाफ खुब गरजा वो सचिव के लिए चुना गया और परिषद में दो फाड़ हो गए और कार्यकाल कुल मिलाकर बहुत कष्टदायक रहा क्योंकि जहाँ कलह होती है समझ ले उसका पतन होना तय है बाद में रायपुर में परिषद द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ तो उनका नाम ही उड़ा दिया तब उनको गुस्सा आया और चुनाव की तैयारी में जुट गए बाद में जब अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष में बबाल हुआ तो किसी के बदले उन्हें जाने का मौका मिला मुझे भी पूछा गया लेकिन अपनी इज्जत को समझते हुए हमने नाम वापस ले लिया क्योंकि कुछ दिन पहले ही एक वैज्ञानिक पत्रिका को लेकर व्यवस्थापक का नाम नहीं

से सचिव ने डिस्पैच करने से रोक दिया फिर एक महानुभाव जो व्यवस्थापक भी थे संपादक में भी नाम जुड़वा लिया और जबकी नया व्यवस्थापक की नियुक्ति हुई थी बाद में दोनों में क्या बात हुआ मैंने व्यवस्थापक मंडल के सदस्य होने के नाते डिस्पैच की अनुमति मांगी क्योंकि वेंडर बहुत दिनों तक घर पर नहीं रख सकता था अतः हमने डिस्पैच को लेकर व्यवस्थापक से क्लियर करा लिया यह बात सचिव महोदय डॉ कुलवंत जी को इतना खराब लगा कि उन्होंने हरामी शब्द का प्रयोग कर दिया तब मैंने इस्तीफा की पेशकश की और अध्यक्ष ने कहा हमने खुब डांटा सही कहा या गलत इसका निर्णय के लिए गुरुगोविन्द सिंह जी ने सोने के समय अंतरआत्मा को जगाया की तुरंत मीटिंग में जाओ और वहाँ पता लग जायेगा कि हकीकत में उसने तुमसे झुठ बोला हैं और जैसे ही अध्यक्ष महोदय मिश्रा जी ने अध्यक्षता की तो मेरे मन से हमने नहीं गुरु जी ने अंदर से पूरा डर निकाल दिया और उसको उसने खुब सुनाया गुरूजी बार बार सपने में आते और कहते उसका दिन जब खत्म होगा तब तुम्हे न्याय मिलेगा और जब 2018 में चुनाव की तारीख तय हुई तो एक नया नियम आ गया कि कोई भी उम्मीदवार खास पदों के लिए दो बार से अधिक नहीं खड़ा हो सकता हैं तब कोषाध्यक्ष ने सचिव पद पर उम्मीदवारी के लिए नामांकन कर दिया जो उसके लिए अपनी योग्यता के बल पर पात्र नहीं था और मैंने कहा चुनाव जितना है तो मेहनत करना होगा और अपनी गाड़ी से सब जगह सदस्यों के पास एक मित्र के साथ सबसे मिलने गया फिर भी मुझे यकीन नहीं था कि चुनाव में उसे जीत मिलेगी लेकिन उस रात गुरूजी ने सपने में दिखा दिया जीत पक्की है क्योंकि उसका घमंड मुझे तोड़ना है और सुबह ईश्वर की ऐसी मर्जी हुई जिसे नहीं भी बुलाया था वो भी वोट देने फेवर में आ गए और बाद में वह सज्जन 35 वोट से हार गया और टीम की जीत हुई लेकिन पूर्व सचिव महोदय बहुत मुश्किल से सदस्य में निचले पैदान में आए और घमंड टुटा और इस तरह परिषद 2920 तक अच्छे से चली उसके बाद चुनाव के लिए पूर्व सचिव ने परिषद पर प्रेशर बनाया और कोरोना आ गया जब चुनाव आने वाले थे बाद में वही कोरोना काल में बैग पर जो आपत्ति हुई उसको लेकर उस समय के सचिव अपने लोगों से हट कर सेवानिवृत होने के बाद भी अध्यक्ष पद के लिए खड़ा हुए कोरोना को देखते हुए चुनाव पर रोक का नोटिफिकेशन आया लेकिन चुनाव अधिकारी उसके खास थे उन्होंने कुछ भी नहीं सुना और सारे नियम कानून को हाथ में लेते हुए अध्यक्ष पद हेतु जो उम्मीदवार उसके खिलाफ खड़ा था उसका बाईपास सर्जरी होना था मैं ही पहला बन्दा था कि रोकने के लिए कहा क्योंकि ऐ संदेश भी मुझे गुरूजी ही ने दिए थे क्योंकि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता अतः अस्पताल में एक तरफ ऑपरेशन में जिंदगी और मौत से कोई जूझ रहा हो और उसे पल पल की खबर मिल रही थी उसके दिल पर क्या गुजरी होगी वह वही जनता होगा लेकिन बीमारी का फायदा उठाकर उसने जो वैलेट पेपर बनाए थे उसे बाहर ही रखा जो नियमानुसार वह उसका मत पत्र होता है उसे पता नहीं किसने बाहर रखने की अक्ल दि जिसने व्हाट्सप्प को एक अश्लील पोस्ट करना चालू रखा और लोगों पर खुद ही अमर्यादित होने का हकीकत भी दिखा दि चुनाव में कोविड नियम को जानते हुए और डिपार्टमेंट द्वारा रोक के बाबजूद नहीं माना और चुनाव भी बीमार उम्मीदवार की गैर हजारी में हुआ अतः डिपार्टमेंट ने मान्यता नहीं दि क्योंकि वह चैयरिटी कमीशनर के दायरे में आता है और फिर डिपार्टमेंट ने इससे किनारा कर लिया और जो सचिव ने त्यागपत्र ईमेल से दिए थे उन्होंने बड़ी चालाकी से हैंडओवर मीटिंग बुला लीं मुझे भी वहाँ जाने का खुब प्रलोभन मिला लेकिन मेरे गुरूजी ने मुझे बिल्कुल मना कर दिए और जब मैं टस से मस नहीं हुआ तो उसने मेरे बालकोनी में बैग रखने का आरोप लगा दिया और मैं खुब खुलकर लिखा तब गलती का अहसास हुआ औ? माफी मांगी उसके बाद परिषद में सभी अपना अपना पोस्ट पकड़ लिए और मेरे गाड़ी में प्रशन मंच का एक पूरा अटैची मेरे गाड़ी में पड़ा रहा बाद में अनाधिकृत तरीके से छल से मिश्राजी को यह बताया कि मैं खड़ा हो रहा हूँ आप मत खड़ा हो क्योंकि उसे भी उसकी ताकत का अंदाज था और इसतरह वह बिना चुनाव को चुन लिए गए लेकिन प्रस यह है कि किसने चुना चुनाव अधिकारी सिर्फ चुनाव के लिए मान्य होता है ना की बिना वोट वाले उम्मीदवार को चुन सकता है यह अधिकार सिर्फ आम सभा को है जो बुलाया ही नहीं गया इसतरह परिषद का सत्यनाश हो गया क्योंकि उसके बाद जो उनके विरोध में कमिटी बनी कोई खास काम नहीं किआ हाँ इतना जरूर किया खाता सील हो गया अब,3साल बाद फिर नई कार्यकारिणी के लिए मुश्किल से एक ग्रुप बना लेकिन कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही अतः अब सिर्फ व्हाट्सप्प चल रहा है कोई खोल कर देखता भी नहीं है क्योंकि खाता फ्रीज होने के बाद कौन अपनी जेब से पैसा लगाऐगा अतः सभी हिंदी प्रेमियों इसका साथ दें।

# पैरोल या फरलो: कानून या विशेषाधिकार!



रजनीश कपूर

भारत में कानून की समानता का सिद्धांत संविधान का एक आधारभूत तत्व है। संविधान का अनुच्छेद 14 स्पष्ट कहता है कि कानून के समक्ष सभी समान हैं। लेकिन जब हम समाज के प्रभावशाली और ताकतवर लोगों का व्यवहार देखते हैं तो यह सिद्धांत कई बार मजाक बन कर रह जाता है। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम का मामला इसका जीवंत उदाहरण है, जहां बार-बार दी जाने वाली पैरोल और फरलो ने न केवल कानूनी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, बल्कि आम जनता के विश्वास को भी हिला कर रख दिया है। गुरमीत राम रहीम को 2017 में दो साध्वियों के साथ रेप के मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई थी और बाद में पत्रकार रामचंद्र छत्रपति और डेरा के पूर्व प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा मिली थी।

पिछले कुछ वर्षों में ये बार-बार जेल से बाहर निकले हैं। 2020-25 तक उन्हें कम से कम 14 बार पैरोल या फरलो दी गई है, जिसमें कुल मिला कर 326 दिन जेल के बाहर बिताए गए हैं। हाल में अगस्त, 2025 में उन्हें 40 दिन की पैरोल दी गई जो उनकी सजा के सात साल के भीतर उनकी तीसरी रिहाई थी। यह पैटर्न न केवल कानूनी प्रक्रिया पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि कैसे रसूखदार लोग कानून को अपने पक्ष में मोड़ लेते हैं। पैरोल और फरलो का प्रावधान हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स (टेम्परेरी रिलीज) एक्ट, 2022 के तहत किया गया है। इस कानून के अनुसार, एक साल की सजा पूरी करने के बाद कोई भी कैदी प्रति वर्ष 10 सप्ताह की पैरोल और 21 दिन की फरलो का हकदार है। फरलो को कैदी का अधिकार माना जाता है, जो सामाजिक-पारिवारिक संबंध बनाए रखने के लिए दी जाती है, जबकि पैरोल के लिए विशिष्ट कारणों की आवश्यकता होती है। लेकिन राम रहीम के मामले में ये रिहाइयां अक्सर बिना किसी ठोस कारण के दी गई हैं।

राम रहीम का डेरा सच्चा सौदा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली जैसे राज्यों में लाखों अनुयायियों के साथ एक प्रभावशाली संगठन है। अनुमान के अनुसार, डेरे के 90-95 लाख अनुयायी हैं, जो किसी भी राजनीतिक दल के लिए एक बड़ा वोट बैंक हो सकते हैं। 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव, 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव और 2024 में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले उनकी रिहाई ने राजनीतिक प्रभाव की आशंकाओं को बल दिया है। सवाल उठता है कि क्या ये रिहाइयां कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा हैं, या राजनीतिक लाभ के लिए सुनियोजित कदम? हरियाणा के जेल मंत्री रंजीत सिंह चौटाला और अन्य नेताओं ने दावा किया है कि राम रहीम को दी गई रिहाइयां कानून के दायरे में हैं, और अन्य कैदियों को भी ऐसी सुविधाएं दी जाती हैं। लेकिन 2023 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा की जेलों में 5,832 कैदियों में से 2,801 को ही अस्थायी रिहाई मिली थी। सवाल उठता है कि क्या सभी कैदियों को इतनी बार और इतने लंबे समय के लिए रिहाई दी जाती है, जितनी राम रहीम को दी गई हैं? शिरोमणि गुरु द्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने उनकी लगातार रिहाइयों के खिलाफ पंजाब एंड़ हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। यह कहते हुए कि रिहाई का निर्णय कानूनी ढांचे के भीतर लिया गया है। लेकिन यह तर्क उस धारणा को कमजोर करता है कि कानून सबके लिए समान है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने इसे 'कानून का मजाक' करार दिया है। कहते हैं कि अगर कोई कैदी हर साल 90 दिन जेल से बाहर रह सकता है, तो सजा का क्या अर्थ रह जाता है?

राम रहीम की रिहाइयों का प्रभाव केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक-नैतिक भी है। उनकी सजा के बाद 2017 में हरियाणा और पंजाब में हुई हिंसा में 40 लोगों की मौत हुई थी और करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। ऐसे व्यक्ति को बार-बार रिहा करना न केवल पीड़ित परिवारों के लिए अपमानजनक है, बल्कि उन गवाहों के लिए भी खतरा पैदा करता है जो अभी भी उनके खिलाफ लंबित मामलों में गवाह हैं। सिरसा आश्रम में नपुंसकता मामले में अभी मुकदमा चल रहा है, और उनकी मौजूदगी गवाहों पर दबाव डाल सकती है। यह मामला एक व्यक्ति की कहानी भर नहीं है, बल्कि ऐसी व्यवस्था की कमजोरी उजागर



करता है, जहां सत्ता और प्रभाव कानून के ऊपर हावी हो जाते हैं।

पैरोल और फरलो जैसे प्रावधानों का उद्देश्य कैदियों के पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा देना है, लेकिन जब इनका दुरु पयोग विशिष्ट लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जाता है, तो यह पूरी प्रणाली की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। इस समस्या के समाधान के लिए राजनीतिक प्रभाव को कम करने के लिए चुनाव के समय में ऐसी रिहाइयों पर रोक लगाने जैसे उपाय किए जा सकते हैं। समय की मांग है कि हमारी कानूनी व्यवस्था इस तरह के दुरुपयोग को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए ताकि कानून की गरिमा और विश्वसनीयता बरकरार रहे।

# रक्षाबंधन: नारी रक्षा का संकल्प, एक सामाजिक चेतना

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों की भूमि पर रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है जो केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज में आत्मीयता, कर्तव्यबोध, और नैतिक मूल्यों के पुनसंर्वेदन का पर्व है। यह पर्व नारी अस्मिता, समानता, सुरक्षा और प्रेम की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। राखी का धागा जितना कोमल दिखता है, उतनी ही उसमें गहराई और दृढ़ता होती है, यह एक ऐसा लौकिक बंधन है, जो प्रेम, आदर्शों और जिम्मेदारियों से बंधा होता है। रक्षाबंधन कोई साधारण पर्व नहीं, यह आदर्शों का हिमालय है, संकल्पों का सोपान है। यह पर्व सिर्फ भाई-बहन के प्रेम की रस्म नहीं, बल्कि पुरुष समाज द्वारा नारी को आश्वस्त करने, उसका मान-सम्मान बनाए रखने की शपथ का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि नारी केवल स्नेह की पात्र नहीं, वह शक्ति, श्रद्धा और समाज की दिशा तय करने वाली एक सशक्त प्रेरणा भी है।

आज जब महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं, सेना से लेकर विज्ञान, शिक्षा से लेकर खेल तक तब रक्षाबंधन उन्हें केवल भावनात्मक सुरक्षा नहीं, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सम्मान दिलाने का भी माध्यम बनता है। रक्षाबंधन की महत्ता को समझने के लिए उसके ऐतिहासिक संदर्भों को जानना आवश्यक है। भविष्य पुराण में उल्लिखित कथा के अनुसार जब देव-दानव युद्ध में दानव भारी पड़ने लगे, तब इंद्राणी ने अपने पति इन्द्र की रक्षा हेतु रेशम का धागा मंत्रों के साथ उनके हाथ पर बांधा, जिससे इंद्र विजयी हुए।

मुगल काल में रानी कर्मवती ने जब चितौड़ पर संकट देखा, तो बादशाह हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने धर्म, संप्रदाय और सत्ता से ऊपर उठकर उस धागे की लाज रखी और चितौड़ की रक्षा में अपनी ताकत झोंक दी। महाभारत में जब भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बहा, द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर पट्टी बांध दी। श्रीकृष्ण ने उस प्रेम को जीवन भर निभाया और चीरहरण के समय द्रोपदी की रक्षा की। यह केवल ऋण चुकता नहीं था, यह आदर्शों की प्रतिज्ञा थी। इसी तरह सिकंदर और पुरू की कथा इस बात को दशार्ती है कि राखी का एक धागा युद्ध भूमि में भी जीवनदान का कारण बन



सकता है। ये प्रसंग हमें बताते हैं कि राखी केवल प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि रक्षा, आदर्श और सम्मान की जीवंत प्रतिमा है।

रक्षाबंधन आज सिर्फ पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन जैसा है। लेकिन दुख इस बात का है कि इस पर्व की आत्मा धीरे-धीरे खोती जा रही है। आज बहनों के लिए यह पर्व सजने-संवरने और उपहार पाने का माध्यम बनता जा रहा है, जबकि भाइयों के लिए यह केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है। राखी के धागों की वह पवित्रता, भावनाओं की वह गहराई, अब कम होती जा रही है। यह पर्व अब बाजारवाद और दिखावे के जाल में उलझता नजर आ रहा है। इस बदलती सोच को थामना और मूल भावनाओं को पुनः प्रतिष्ठित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर्व का मूल उद्देश्य नारी के प्रति श्रद्धा, सुरक्षा और कर्तव्य का निर्वहन है, न कि केवल उपहार और दिखावे का आदान-प्रदान। भाइयों को चाहिए कि वे बहन की रक्षा की शपथ केवल शब्दों में नहीं, जीवन के प्रत्येक व्यवहार में निभाएं। बहनें भी राखी को केवल संबंध या औपचारिकता न समझें, बल्कि इस पर्व को नारी स्वाभिमान और सामाजिक बदलाव के एक माध्यम के रूप में लें।

आज जब समाज में महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं, जब बच्चियों से लेकर वृद्धाओं तक को भय और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, तब रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर है जब हम केवल बहन नहीं, संपूर्ण नारी समाज की रक्षा का संकल्प लें। एक ऐसा संकल्प जो केवल राखी तक सीमित न हो, बल्कि जीवन भर के आचरण में झलके। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि नारी केवल स्नेह की नहीं, सम्मान की अधिकारिणी है। रक्षाबंधन भारत के विभिन्न अंचलों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में यह भाई-बहन के रिश्ते का पर्व है, वहीं महाराष्ट्र में नारली पूर्णिमा के रूप में समुद्र देवता को नारियल अर्पण कर मछुआरे समुद्र से अपने रिश्ते की रक्षा की प्रार्थना करते हैं। दक्षिण भारत में ह्यअवनी अविट्टमह्ल के रूप में यह ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संकल्प का पर्व है। वहीं स्कन्द पुराण और श्रीमद्भागवत में उल्लिखित वामन अवतार की कथा में रक्षाबंधन को ह्यबलेवह्ल के रूप में जाना जाता है, जब भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का अभिमान तोड़ा था। इन सब कथाओं में एक ही संदेश है - अहंकार के स्थान पर समर्पण, दंभ के स्थान पर रक्षा, और स्वार्थ के स्थान पर सेवा।

आज रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक और सांस्कृतिक पर्व भी कृत्रिम बुद्धिमता एवं संचार-क्रांति की आंधी में अपनी मूल आत्मा और संवेदना खोते जा रहे हैं। उपहारों की होड़, ब्रांडेड राखियों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर दिखावे की होड़ ने इस पर्व को एक उपभोक्तावादी उत्सव में बदल दिया है। जहाँ पहले राखी एक भावनात्मक संबंध का प्रतीक थी, वहीं आज यह अधिकतर लेन-देन और औपचारिकता का माध्यम बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति से पर्व की आत्मा, जिसमें बहन के प्रेम और भाई की जिम्मेदारी का गहन बोध निहित था, वह पीछे छूटता जा रहा है। इसलिए आवश्यक है कि हम रक्षाबंधन की प्रासंगिकता को केवल उपहारों और खर्च की दृष्टि से नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मीय रिश्तों और सामाजिक जिम्मेदारियों के दृष्टिकोण से समझें और मनाएं।

राखी का पर्व हमें मानवीय रिश्तों की फिर से व्याख्या करने का अवसर देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हर स्त्री हमारी बहन है, समाज की, संस्कृति की, मानवता की। उसकी रक्षा केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय धर्म है। जब हर पुरुष स्त्री के प्रति अपने कर्तव्य को राखी की तरह पवित्र समझेगा, जब हर बहन अपने भाई में केवल उपहार देने वाला नहीं, बल्कि एक मूल्य-धारी रक्षक देखेगी, तब रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक क्रांति का आरंभ बनेगा। रक्षाबंधन कोई मंच या मंचन नहीं है। यह प्रदर्शन का नहीं, आत्मचिंतन का पर्व है। हमें इस पर्व को बाजारवाद और औपचारिकता से निकालकर पुनः उसकी असली पहचान देना होगा। यह प्रेम और कर्तव्य के बीच की एक खूबसूरत कड़ी है। इस बार राखी के धागों को केवल कलाई तक न सीमित रखें, इन्हें हृदय से बाँधें, ताकि यह पर्व भाई-बहन के रिश्तों से आगे बढ़कर पूरे समाज में एक सशक्त और सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सके। तभी राखी के ये धागे सच्चे अर्थों में आदर्श बनेंगे और संकल्पों का सोपान।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार) (यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ के समापन अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम





**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ के समापन के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने जनमंच सभागार में काकोरी शहीद स्मारक, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा। जिलाधिकारी, अध्यक्ष नगर पालिका एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा शहीद क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों प्रदीप टंडन, डॉक्टर नरेंद्र शर्मा, चंद्रवती, कृष्ण कुमार बंसल, सुभाष चंद्र जैन, रघुनंदन, ममता, भूरी, राशिद अली, श्याम सिंह, जियाउलहक, एजाज अहमद और अर्पित खंडेलवाल को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि यह आयोजन केवल एक इवेंट नहीं, बल्कि भावनाओं का संगम है, जिसने हमें वह बनाया जो हम आज हैं। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के आश्रित परिवारों से कहा कि सरकार उनके सम्मान के लिए कटिबद्ध है। जिलाधिकारी ने आश्रित परिवारों को नमन करते हुए कहा कि वे सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं, जिनकी वजह से हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस प्रेरणा के साथ, उन्होंने सभी से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने जनपदवासियों से आग्रह किया कि जिस निडरता के साथ स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों ने देश के लिए त्याग किया, वही निडरता हमें अपने जीवन में अपनानी चाहिए ताकि देश एक परिवार की तरह मजबूत हो।उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन एक ऐतिहासिक घटना थी, जिसका उद्देश्य था कि देश का धन विदेश न जाए और स्वतंत्रता संग्राम को बल मिले। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को पढ़ाने-लिखाने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया, ताकि वे देश के विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने यह भी कहा कि आप किसी भी क्षेत्र में कार्य करें, वह देश के हित में होना चाहिए। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शशि जैन ने क्रांतिकारियों और शहीदों की कुरबानियों को याद करने के साथ उनके परिवार को नमन करते हुए कहा कि शहीद परिवारों के लिए हमारी भावनाएं और सम्मान गहरे जुड़े हैं। देश के लिए बलिदान देने वाले और उनके परिवार के लिए देश ऋणी रहेगा। देश की आजादी लाखों कुर्बानियां के बाद मिली है। इसको संरक्षित कर देश को उतकृष्टता में पंहुचाना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि देश की सेवा के लिए छोटे-से-छोटा कार्य करके भी हम देश की सेवा कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि आजादी का आंदोलन बहुत ही संघर्षपूर्ण था जिसमें देश के प्रत्येक वर्ग का सहयोग था। काकोरी ट्रेन एक्शन से देश में नई ऊर्जा का संचार हुआ। राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी और रोशन सिंह की फांसी की सजा के भारत के स्वतंत्रता को प्रतिशोध की नई ऊर्जा मिली जिससे जगह-जगह पर अंग्रेजों के विरूद्ध नवयुवकों ने समाज में नई भावना का संचार किया। आज देशप्रेम की यह भक्ति सभी को प्रेरित करती है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह ने कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बच्चों, युवाओं एवं जनसामान्य को शहीदों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, डिप्टी कलेक्टर चंद्रकांता, बृजपाल सिंह, शैलेश दुबे, अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, अमर शहीदों के परिवारजन उपस्थित रहे।

## सफलता एक दिन में नहीं, बल्कि कठिन परिश्रम से प्राप्त होती है



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** चौधरी टी.आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन के अवसर पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से कक्षा 12 तक के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी बच्चों ने बहुत सुंदर रखियाँ बनाकर अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शिवि ने प्रथम स्थान, अवनी ने द्वितीय स्थान व अल्फिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र पाठक ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। सफलता एक दिन में नहीं बल्कि कठिन परिश्रम से प्राप्त होती है। विद्यालय की प्रबंधक इन्द्रेश देवी ने सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कविता शर्मा, अंजू चंद्रा, साध्वी वत्स, पूजा व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा.

## स्मार्ट मीटर न लगाने को लेकर किसान नेता ने एसडीएम को सोपा ज्ञापन



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** भारतीय किसान यूनियन (भूमि) के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यकताओं ने शुक्रवार को एस.डी.एम को ज्ञापन सौंप कर स्मार्ट मीटर न लगाए जाने की मांग की है। बता दें कि हसनपुर तहसील में लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटर में हो रही खामियों के कारण समस्त हसनपुर तहसील निवासी स्मार्ट मीटर को लगवाना नहीं चाह रहे हैं। स्मार्ट मीटर में तकनीकी खराबी पाई गई है, जिस कारण यह मीटर नहीं लगाया जा सकता। इसमें विद्युत बल प्रयोग की आवश्यकता से काफी अधिक बल प्राप्त हो रहा है। एक तो व्यक्ति पर महंगाई की मार व दूसरा विद्युत बिल की मार से व्यक्ति पनप नहीं रहा है। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष शीशपाल कटारिया ने कहा कि यदि स्मार्ट मीटर को जबरन लगाया जाता है, तो भारतीय किसान यूनियन (भूमि) इसका विरोध करके धरना प्रदर्शन करेगी। कहा कि तहसील हसनपुर में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि स्मार्ट मीटर की जांच करके इसको शीघ्र रुकवाया जाए। इस मौके पर मौजूद शीशपाल सिंह कटारिया राष्ट्रीय अध्यक्ष, विजय कुमार गौतम, अरविंद अन्ना, डीके अग्रवाल, कामिल व मुकेश उर्फ मुखिया शामिल रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण



**रहरा/हसनपुर (सब का सपना) मनोज शर्मा:-** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर, विकास खंड गंगेश्वरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद अमरोहा जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष गंगेश्वरी गौरव नागर की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक विजेंद्र सिंह, राजीव कुमार एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण व मातृत्व सम्मान के इस अभियान की सराहना की। इस अवसर पर यशपाल सिंह ने कहा, "माँ हमारे जीवन की प्रेरणा हैं। इस अभियान के माध्यम से हम उन्हें प्रकृति से जोड़ते हुए एक सुंदर पहल कर रहे हैं।" वहीं गौरव नागर ने कहा, "वृक्ष न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में एक कदम है।" कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने एवं बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# नगर में काकोरी कांड के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि, भगत सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण



**हसनपुर/ अमरोहा (सब का सपना):-** भाजपा कार्यकताओं ने काकोरी कांड की जयंती की पूर्व संध्या पर सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को नमन किया और उनके चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में 9 अगस्त 1925 का दिन अमर है, जब ब्रिटिश शासन को चुनौती देते हुए हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के क्रांतिकारियों ने काकोरी के पास ट्रेन रोककर सरकारी खजाना लूट लिया। इस घटना का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन के लिए धन जुटाना था। इस कांड में रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी और ठाकुर रोशन सिंह ने फांसी के फंदे को चूमकर मातृभूमि के लिए बलिदान दिया, जबकि चंद्रशेखर आजाद जैसे वीर पुलिस की पकड़ से बाहर रहकर क्रांति की मशाल को आगे बढ़ाते रहे। यह घटना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणादायी गाथा बन गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजपाल सैनी ने काकोरी कांड के वीरों के अदम्य साहस,बलिदान और देशभक्ति को नमन करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, युवा भाजपा नेता इशांत सैनी, आईटी संयोजक पूर्व मीडिया प्रभारी अर्पण गुप्ता,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष संजय सहदेव, जिला कार्यकारिणी सदस्य सचिन गुप्ता, पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष देवेंद्र सैनी, शक्ति केंद्र संयोजक धर्मेंद्र कुमार एवं विजय लोधी,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद रोहिल्ला,भाजपा नेता कृष्ण कुमार,बूथ अध्यक्ष राहुल प्रजापति, समाज सेवी संजीव सैनी, राकेश सैनी,संजय सैनी, चंदन प्रजापति, अनुपम त्यागी, अरुण त्यागी नगर पालिका सभासद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# निर्वाचन क्षेत्रों पर प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के लिए बैठक का आयोजन




**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में ग्राम पंचायत/ क्षेत्र पंचयात / जिला पंचायत के प्रस्तावित अनन्तिम प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) पर प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण हेतु एक बैठक क्लेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर मुख्य अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी तथा एडीओ पंचायत द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत/ क्षेत्र पंचयात / जिला पंचायत के प्रस्तावित अनन्तिम प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) की सूची पर कुल 64 आपत्तियां प्राप्त हुई हैं जिनमे से 1 क्षेत्र पंचयात गजरौला से , 5 क्षेत्र पंचायत अमरोहा से तथा शेष 58 जिला पंचायत के वार्डों से सम्बंधित हैं। ग्राम पंचायत/ क्षेत्र पंचयात / जिला पंचायत के प्रस्तावित अनन्तिम प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) पर प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया गया तथा प्रत्येक आपत्ति पर सम्बंधित एडीओ पंचायत तथा खंड विकास अधिकारी का मत प्राप्त करने के उपरांत सर्वसम्मति से आपत्तियों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि 10 अगस्त को प्रत्येक दशा में ग्राम पंचायत /क्षेत्र पंचायत / जिला पंचायत के प्रस्तावित अनन्तिम प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया जाए तथा सूची को ब्लॉक तथा जिला पंचायत के सूचना पट्ट पर भी आमजन हेतु चस्पा कर दिया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा सभी को सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# ग्राम्य विकास योजनाओं पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले के विकास खंड जोया के सभागार में 06 अगस्त से 08 अगस्त 2025 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला ग्राम्य विकास संस्थान के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न ग्राम्य विकास योजनाओं की जानकारी प्रदान करना और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम में पंचायत सहायकों, रोजगार सेवकों, ग्राम पंचायत सचिवों तथा आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन खंड विकास अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों डॉ. कोमल जुगलान और महेश सिंह ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा डिजिटल ग्राम योजना जैसी प्रमुख योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को योजनाओं के लाभ, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं जमीनी चुनौतियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समूह चर्चा, केस स्टडी और प्रेजेंटेशन जैसी विधियों का प्रयोग किया गया, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताया और कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से वे अपने कार्यक्षेत्र में योजनाओं की जानकारी जनसाधारण तक बेहतर ढंग से पहुंचा सकेंगे। इस अवसर पर राजीव कुमार, विष्णु कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ढवारसी में 13 अगस्त को निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा




**ढवारसी/अमरोहा (सब का सपना):-** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकताओं ने बैठक कर 10 से 14 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया है। इसी क्रम में 13 अगस्त को ढवारसी में एक भव्य तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी। ज्ञात रहे कि ढवारसी में आगामी 13 अगस्त को होने वाली तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा की एक बैठक आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता राजीव गोयल ने तथा संचालन मंडल महामंत्री प्रेम सिंह गुर्जर ने किया। बैठक में यह तय किया गया कि पार्टी के निदेर्शानुसार 10 अगस्त से 14 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। इस दौरान निर्णय लिया गया कि मंडल में जहां-जहां भी स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं हैं, उनकी साफ-सफाई की जाएगी। इसके बाद उन पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने बैठक में कहा कि पार्टी के दिशानिदेशों का पालन करते हुए हर घर तिरंगा फहराया जाएगा और तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अपील की है कि वे इस भव्य आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और तिरंगा यात्रा को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा अवसर है जब हम सब मिलकर अपनी राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रदर्शन कर सकते हैं। इस दौरान बैठक में मयंक अग्रवाल, देवेंद्र खड़गवंशी, हरिद्वारी सिंह, सुनील नागर, नरेंद्र त्यागी, राजेश शर्मा, ऋषिपाल सैनी, करनवीर सिंह, अंकित सागर, ग्रीस गोस्वामी, हेतराम सिंह, सुशील गिरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा आजादी के अमृत महोत्सव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनका उद्देश्य हर भारतीय के दिल में राष्ट्र गौरव की भावना को जगाना है।

# विधालय में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**ढवारसी/ अमरोहा (सब का सपना):-** प्राथमिक विद्यालय दरियापुर तुगन में देशभक्ति आधारित थीम पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओ ने विभिन्न मोहक आकृतियो में राखी बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।बच्चो ने अपने अंदर छिपी प्रतिभा और देश के प्रति भावनाओं को इन राखियो के माध्यम से प्रदर्शित किया बच्चो ने अनुपयोगी चीजो का प्रयोग कर राखियॉ बनाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य काविंद्र सिंह ने बच्चो द्वारा बनाई गई राखी का अवलोकन किया कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक कविंद्र सिंह के द्वारा पांच सर्वश्रेष्ठ राखि बनाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छत्रपाल सिंह,अमित कुमार शर्मा, दयाचंद जी, मनोज कुमार छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की पी0एम0 सूर्य घर योजना की समीक्षा



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में पीएम सूर्य घर योजनांतर्गत संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं वेंडर्स के साथ बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। योजना के अंतर्गत जनपद को आंवटित लक्ष्य के सापेक्ष शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रेरित करते हुए ऑनलाईन पंजीकरण कराने के उपरान्त उन्हे शत-प्रतिशत योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन के मध्य योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में सभी वेंडर्स को आ रही समस्याओं पर एक एक करके चर्चा की गई तथा उसके निस्तारण के निर्देश संबंधित बैंकों को दिए। उन्होंने एसबीआई और प्रथमा बैंक की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और निर्देशित किया कि कोई भी बैंक अनावश्यक रूप से पत्रावली को लंबित न रखें। उन्होंने निर्देश दिए की सभी अधिकारी जिन लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, उनका फॉलो अप करते रहे और संयंत्र स्थापना में पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि वेंडर्स और बैंक के बीच में समन्वय कराएं जो भी शिकायत हो बैठक में उपस्थित होने से पहले संबंधित बैंकों को अवश्य पता हो, जिससे उसका कारण जानते हुए शिकायत का त्वरित निस्तारण कराया जा सके। पीएम सूर्य घर योजना मुफ्त बिजली योजना के तहत 01 से 10 किलोवाट तक स्थापित संयंत्रों पर सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। 45 हजार से लेकर करीब 1.08 लाख रुपये का अनुदान मिल सकता है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु नेशनल पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना विभिन्न बैंको द्वारा मात्र 07 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर उपलब्ध अधिकृत वेंडर के माध्यम से ही सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कराया जाए। इस अवसर पर पीओ नेडा सीपी वर्मा, विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, बैंक प्रतिनिधि एवं वेंडर्स उपस्थित रहे।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त लखनऊ ने खारिज किये राहुल गांधी द्वारा लगाये गये वोटर लिस्ट में धांधली के आरोप

**अमरोहा (सब का सपना):-** राज्य निर्वाचन आयुक्त ने राहुल गांधी द्वारा वोटर लिस्ट में गड़बड़ी किये जाने के आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। राहुल गांधी द्वारा की गई प्रेस कांफ्रेस में लगाये गये आरोप पूरी तरह से मिथ्या हैं। बता दें कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा गुरुवार को दि फाउंडेशन ऑफ द कंसिट्यूशन इज द वोट, वोट हेजबीन डिस्कॉयर्ड विषयक एक प्रेस कांफ्रेंस की गयी जिसमें अन्य विषयों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश राज्य का भी जिक्र किया गया जिसमें उनके द्वारा तथ्य रखा गया कि दो मतदाता जिनका नाम आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस०पी०श्रीवास्तव (इपिक नं० एफपीपी 6437040) एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं० आईएनबी 2722288) हैं। इनका नाम उ०प्र० के साथ-साथ अन्य प्रदेश की विधान सभाओं की मतदाता सूची में भी अंकित है। राहुल गांधी द्वारा यह आंकड़े 16 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से निकाले हुए दिखाए गये हैं। कांफ्रेंस में आरोप लगाया गया कि आदित्य श्रीवास्तव का नाम चार जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम मुंबई सब अर्बन की विधान सभा 158 जोगेश्वरीपूर्व की बूथ संख्या 197 के क०सं० 877, बैंगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 के क0सं0 1265, बूथ सं0 459 के क०सं० 678 पर एवं लखनऊ की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व के बूथ संख्या 84 के क०सं० 630 पर अंकित दिखाया गया है। विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह का नाम तीन जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं0 513 के क०सं० 926 एवं बूथ सं0 321 के क०सं० 894 तथा वाराणसी की विधानसभा 390 वाराणसी कैण्ट में बूथ सं० 82 के क०सं० 516 पर अंकित दिखाया गया है। गुरुवार को आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस०पी० श्रीवास्तव (इपिक नं० एफपीपी 6437040) एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं० आईएनबी 2722288) के नाम को वेबसाइट पर सर्च किया गया तो पाया गया कि आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस०पी०श्रीवास्तव (इपिक नं० एफपीपी 6437040) का नाम बैंगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 क०सं० 1265 में एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं० आईएनबी 2722288) का बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं0 513 क०सं० 926 पर ही अंकित है एवं उपरोक्त मतदाताओं का नाम उत्तर प्रदेश की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व एवं विधान सभा 390 वाराणसी कैण्ट में इनका नाम अंकित नहीं है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश के बारे में जो तथ्य प्रस्तुत किये गये वे सही नहीं पाये गये।

# स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण





**अमरोहा (सब का सपना):-** राजकीय फल संरक्षण केंद्र जनपद के प्रभारी विक्रांत सिंह राणा ने जानकारी देते हुए कहा कि दो दिवसीय मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत सिरसा जट नौगावा सादात न्याय पंचायत कैलबकरी में प्रशिक्षण पंचायत घर सिरसा जट में रीनू देवी द्वारा तथा कार्यक्रम का समापन व उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न वैज्ञानिको द्वारा अली हैदर जैदी पूर्व प्रधानाचार्य बरेली, DRP ) सुरेन्द्र सिंह व अनु कैनिंग प्रशिक्षिका द्वारा व्याख्यान दिया गया। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केंद्र अमरोहा विक्रान्त सिहं राना एवं सहयोगी संजीव कुमार द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम सन्तोष जनक कराया गया।

# बुरावली में हर घर तिरंगा अभियान की बैठक में दिखाई दिया जोश





**हसनपुर अमरोहा (सब का सपना)** स्वतंत्रता दिवस से पहले बुरावली क्षेत्र में हर घर तिरंगा और 'मतदाता पुनरीक्षण' अभियानों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। जहां कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि की बैठकें आयोजित की गईं, जहां आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। तिरंगा यात्रा की तैयारी बैठक न्याय पंचायत बुरावली के राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज में हुई। जिसमें विधानसभा संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि 11 अगस्त को भव्य 'तिरंगा यात्रा निकली जाएगी। कार्यकर्ता आपसी मतभेद को बुलाकर तिरंगा यात्रा की तैयारी में जुट जाएं। इस बैठक के मुख्य अतिथि, ब्लॉक प्रमुख पति वीरेंद्र सिंह, ने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए बड़ी संख्या में शामिल हों। उन्होंने कहा कि यह यात्रा तीसरे मिल से शुरू होकर दौरारा तक जाएगी। वीरेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों पर भी जोर दिया और सभी नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह, जिला महामंत्री चंद्रभान सिंह भाटी, मंडल उपाध्यक्ष रूप किशोर प्रजापति, विधानसभा संयोजक कृष्ण कुमार, मंडल प्रवासी अनिल गुर्जर, सरोज आर्य, सुरेंद्र सिंह सहित कई अन्य प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर्व एवं हर घर तिरंगा अभियान के दृष्टिगत लगायीं हर घर तिरंगा राखी एवं राम दाना के लड्डू की स्टाल

**जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा स्टालों का किया अवलोकन, खरीदीं राखी एवं राम दाना के लड्डू**





**स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को बांधी राखियाँ**



**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** कलक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों नई किरन स्वयं सहायता समूह जेरोई हयात नगर विकासखण्ड बनियाखेडा एवं संजीवन स्वयं सहायता समूह जेरोई हयात नगर विकासखण्ड बनियाखेडा द्वारा 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत स्टाल लगायीं गयीं। नई किरन स्वयं सहायता समूह के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा राखी की स्टाल लगायी गयी जबकि संजीवन स्वयं सहायता समूह के द्वारा श्री अन्न से संबंधित राम दाना के लड्डू की स्टाल लगायी गयी। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा स्टालों का अवलोकन किया तथा राखी एवं राम दाना के लड्डू की खरीददारी भी की तथा परिसर में उपस्थित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों एवं कलक्ट्रेट आए आम जन मानस द्वारा भी स्टालों से राखी एवं राम दाना के लड्डू खरीदे गये। यादवती एवं अनुपमा दीदी द्वारा जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को तिरंगा राखी भी बांधी। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की दीदियां छोटे छोटे उत्पाद तैयार कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं । आज स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा ङ्ग 6000 की राखियाँ विक्रय कीं तथा 4150 के राम दाना के लड्डू का विक्रय किया। इस अवसर पर उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ज्ञान सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्राओं द्वारा कराई गई राखी प्रतियोगता आयोजित



**सम्भल(सब का सपना):-** ब्राह्मण महिला सभा की ओर से रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में सनातन पब्लिक स्कूल में कक्षा छह ,सात और आठ की छात्राओं द्वारा राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। जिसमें सभी छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने बहुत सुंदर सुंदर राखियां बनायी। राखी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा छह की छात्रा खुशबू कक्षा सात की छात्रा आदिया तथा कक्षा आठ की छात्रा खुशी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कक्षा छह की छात्रा अंशिका कक्षा सात की छात्रा हर्षिता तथा कक्षा आठ की छात्रा आराध्या ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान कक्षा छह की छात्रा मानवी कक्षा सात की छात्रा सुमेधा तथा कक्षा आठ की परी ने प्राप्त किया । इसके अलावा कविता ,ईश्वी ,कनिष्का ,आध्या ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया । श्वेता तिवारी ने अपने संबोधन में बच्चों से कहा कि वे संस्कृति को नहीं भूलें। अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने के है लिए हमें हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। इस प्रकार की छोटी छोटी प्रतियोगिताओं से बच्चों में त्योहारों के प्रति उत्साह दोगुना बढ़ जाता है। सीमा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से बच्चों में रचनात्मकता का विकास होता है। सरोज हटवाल द्वारा सभी को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार प्राप्त करके बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में शालिनी गुप्ता, शशांक त्यागी ,शेफाली रस्तोगी ,ममता रस्तोगी ,हिमांशु गुप्ता मौजूद रहे इस अवसर पर सनातन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजीव चावा का विशेष सहयोग रहा।

# नकली देशी घी बनाने के उपकरण, रेपर व पैकिंग की सामग्री सहित पांच गिरफ्तार



**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** नकली देशी घी 923 लीटर,बनाने के उपकरण, भारी मात्रा में रेपर व पैकिंग की सामग्री सहित पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक आपको बता दें कि खजरा मोड के पास पुलिस व एसओजी टीम की सामूहिक चैकिंग के दौरान एक छोटा हाथी जिसमें 38 गत्ते की पेटी नकली अमूल देशी घी व 20 टिन मधुसूधन नकली घी तथा विभिन्न प्रकार की कम्पनीयों के रेपर व गत्ते व स्विफ्ट डिजायर से तीन पेटी अमूल देशी नकली घी व विभिन्न प्रकार की कम्पनीयों के साथ पांच आरोपी आशु जैन पुत्र सुदेश जैन,सुदेश जैन पुत्र धर्मदास जैन नि0 गण मौ० सेक्टर 2 माधवपुरम थाना ब्रह्मपुरी जनपद मेरठ हाल पता हाउस डिफेन्स क्लौनी गंगा नगर थाना गंगानगर जनपद मेरठ,आविद पुत्र सईद नि0 कुम्हार मोहल्ला थाना सदर बाजार जनपद मेरठ,प्रवीण जैन पुत्र राजेन्द्र जैन नि० मौ०जैन नगर गुराना रोड कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत,अरुण कुमार पुत्र सेवाराम नि० मौ० गुराना रोड कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस द्वारा पूछताछ की गई तो प्रवीण जैन की निशादेही पर उसके घर गुराना रोड कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत से नकली देशी घी बनाने के उपकरण व पैकिंग के गत्ते रेपर बरामद हुए हैं।

# भाकियू कार्यकताओं ने जनसभा को सफल बनाने के उद्देश्य से किया बैठक का आयोजन



**संभल(सब का सपना):-** भारतीय किसान यूनियन ( बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा जिला प्रभारी सुभाष चाहल के नेतृत्व में ग्राम - चमरौआ में जन जागरण अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निर्देश कुमार एवं संचालन राजीव कुमार ने किया ! बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि संगठन द्वारा 12 अगस्त को चमरौआ में होने वाली विशाल जनसभा को सफल बनाने के उद्देश्य से गांव-गांव जन जागरण बैठक की जा रही है। जनसभा को संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रोफेसर विनोद नागर (राष्ट्रीय समन्वय अधिकारी) संबोधित करेंगे। जनसभा का उद्देश्य जनपद स्तर पर फैले भ्रष्टाचार को समाप्त कराना, पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाना एवं आम जनमानस को जागरूक करना है। संगठन का काफिला मोटरसाइकिलों द्वारा सिंहपुर सानी अड्डे से प्रातः 10:00 बजे शुरू होकर चंदावली, भतावाली, बड़ा ताजुद्दीन, सलखना, भदरौला, बहरामपुर की मढैया, सुनवारी, हिसामपुर, कसेरुआ होता हुआ जनसभा स्थल चमरौआ पहुंचेगा। साथ ही तमाम कार्य कताओं को जनसभा की जिम्मेदारियां वितरित की गई। कार्यकारिणी द्वारा संगठन विस्तार करते हुए निर्देश कुमार को युवा जिला मीडिया प्रभारी संभल, डॉ. शाहिद को जिला सचिव, आसिफ अली को ब्लॉक मंत्री पवांसा, गुड्डू यादव को ब्लॉक सचिव पवांसा नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला प्रभारी सुभाष चाहल, जिला संरक्षक शिवनारायण सैनी, जिला सलाहकार सरदार गुरु वचन सिंह, जिला महासचिव अनमोल कुमार, युवा मंडल उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष सुफियान पाशा, विनोद चौधरी, चन्द्रपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष मेहंदी हसन, नितिन कुमार युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष पवांसा, मो. वसीम युवा ब्लॉक अध्यक्ष अ. मोर्चा, सतेन्द्र चौधरी, उदल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष संभल, चौ. संतवीर सिंह, जयपाल यादव, अवधेश कुमार, राजपाल कश्यप, तौफीक अहमद, गुड्डू यादव, निर्देश, मो. हसन, श्रीपाल यादव, दाऊद, ऋषिपाल चौधरी, अमनजीत चौधरी, ओम प्रकाश सिंह, विजेन्द्र सिंह, रजा हुसैन, राहुल सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

# स्वच्छता में प्रदेश भर में नगर पालिका परिषद संभल ने किया चतुर्थ स्थान प्राप्त

**हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने अधिशासी अधिकारी को पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह के साथ किया सम्मानित**



**सम्भल(सब का सपना):-** प्रदेश भर में स्वच्छता के क्षेत्र में संभल नगर पालिका परिषद द्वारा चौथा स्थान प्राप्त करने पर गर्व और गौरव की अनुभूति करते हुए नगर पालिका परिषद कार्यालय में जाकर हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने अधिशासी अधिकारी डॉ. मणि भूषण तिवारी का अभिनंदन एवं सम्मान देकर स्वच्छता की उच्च रैंक प्राप्त करने का श्रेय दिया। इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के कार्यकताओं ने अधिशासी अधिकारी को शॉल ओढ़ाकर, पगड़ी पहनाकर, पुष्प गुच्छ और मिष्ठान भेंट करके गर्व और गौरव की अनुभूति की। नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने कहा कि संभल नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी के रूप में डॉ. मणि भूषण तिवारी की सेवा, निष्ठा, तत्परता, त्वरित समस्या निदान एवं समर्पण भाव से की गई सेवा का प्रतिफल है कि उत्तर प्रदेश और संपूर्ण देश में नगर पालिका परिषद को विशेष सम्मान दिया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में चौथा स्थान तथा संपूर्ण देश में 72 वें स्थान प्राप्त करने पर नगर पालिका परिषद के संपूर्ण स्टाफ के साथ-साथ अधिशासी अधिकारी को श्रेय दिया। आर्य समाज के प्रधान सुशील गुप्ता भगत जी ने कहा की अधिशासी अधिकारी डॉ. मणि भूषण तिवारी की कार्यशैली संस्कार सेवा समर्पण सहयोग के बूते प्रदेश और देश में आदर्श नगर पालिका का दर्जा दिलाकर जो गरिमा पूर्ण स्थान प्राप्त किया है वह सदैव प्रसंसनीय रहेगा अभूतपूर्व रहेगा। हिंदू जागृति मंच के सत्यवीर सिंह पाल, उमेश सैनी, पंकज सांख्यधर, बिशनलाल, महावीर सिंह सभासद, राजेंद्र सिंह सभासद, विनोद कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद्र शर्मा आदि ने अधिशासी अधिकारी डॉ. मणि भूषण तिवारी को शॉल ओढ़ाकर तिरंगा पगड़ी धारण करके पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. मणि भूषण तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में चतुर्थ स्थान प्राप्त करना और राष्ट्रीय स्तर पर 72 वां स्थान प्राप्त करना उत्साह जनक तो है लेकिन संतोषजनक नहीं है। उन्होंने विशेष अभियान और जन आंदोलन चलाकर हर क्षेत्र में नगर पालिका को प्रदेश और देश में प्रथम स्थान दिलाने की आवश्यकता बताई और इसके लिए हर संभव और सफल प्रयास करने का संकल्प भी लिया। उन्होंने इस अभूतपूर्व सफलता और सम्मान का श्रेय संभल के सफाई मित्रों तथा आम नागरिकों को दिया। सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए नगर पालिका परिषद के स्टाफ एवं अधिशासी अधिकारी को स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बारंबार बधाइयां प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने किया।

# हत्या में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**असमोली/ संभल(सब का सपना):-** हत्या में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि 31 जुलाई को वादी सनी सैनी पुत्र पतराम सिंह ग्रोस उमरपुर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा ने एक लिखित तहरीरी सूचना दी कि वादी द्वारा अपनी बहन अंजली का विवाह करीब 14-15 वर्ष पूर्व जयमाल सैनी पुत्र मुरारी लाल सैनी निवासी ग्राम मत्तावली पट्टी जग्गु थाना असमोली जनपद सम्भल के साथ किया था। जयपाल आवेदक की बहन अंजली के चरित्र पर शक करता था, जिस कारण जयपाल सैनी द्वारा वादी की बहन अंजली की हत्या कर शव को जला देने के सम्बन्ध में दी थी। तहरीर के आधार पर जयपाल सैनी उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। उसके बाद थाना असमोली पुलिस टीम द्वारा गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना असमोली पर पंजीकृत मुकदमे में बांछित चल रहे अभियुक्त जयपाल सैनी पुत्र मुरारी लाल सनी (42 )निवासी ग्राम मतावली पट्टी जग्गु थाना असमोली जनपद सम्भल को टाडा कोठी चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# डीपीआरसी गौरीगंज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज के प्रांगण में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह देशभक्ति की भावना से सराबोर वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान एवं जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर और महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें उन्होंने काकोरी कांड के अमर सेनानियों को श्रद्धांजलि दी और युवा पीढ़ी से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। तत्पश्चात विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकारों ने देशभक्ति गीत, भाषण और





सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साह, गर्व और भावुकता से भर दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि ह्लकाकोरी के अमर बलिदानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर पूरे देश को यह संदेश दिया कि जब मातृभूमि पर संकट हो, तो व्यक्तिगत सुख-सुविधाएं अर्थहीन हो जाती हैं। आज हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि राष्ट्रहित में हर संभव योगदान देंगे, चाहे वह स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण या सामाजिक एकता का कार्य हो। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का स्वर्णिम अध्याय है, जिसने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। यह घटना न केवल साहस और संगठन का प्रतीक है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि सच्चे उद्देश्य के लिए त्याग ही सबसे बड़ा हथियार है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं, ताकि उनमें भी वही राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा जागृत हो।ह्व जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने कहा कि काकोरी के वीरों ने हमें यह सिखाया कि कठिन से कठिन परिस्थिति में भी राष्ट्र के लिए संघर्ष कभी नहीं रुकना चाहिए। आज जब देश प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तो हमें भी अपने क्षेत्र, अपने समाज और अपने राज्य के विकास में योगदान देना चाहिए। बलिदान और सेवा की भावना ही सच्ची देशभक्ति है। कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सैनिकों एवं पुलिस बल को राखी और आभार पत्र भेजे गए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन्हें जिला सैनिक एवं पुनर्वास कल्याण अधिकारी तथा पुलिस लाइन के आरआई को सौंपा, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने स्थानीय हस्तशिल्प और महिला स्वावलंबन की मिसाल पेश की। कार्यक्रम समापन के पश्चात मा. जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन का संदेश दिया। कार्यक्रम से पूर्व सुबह 8 बजे अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए वंदे मातरम्ह्व और भारत माता की जय के नारों से पूरे मार्ग को गूंजा दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीपीआरओ मनोज त्यागी, बीएसए संजय तिवारी, जिला पर्यटन अधिकारी परिजात पांडे सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## उर्वरक वितरण में अनियमितता पर अमेठी में 5 विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**अमेठी (सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि एक कृषक को 40 बोरी से अधिक उर्वरक दिए जाने के मामले में पांच उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। निलंबित विक्रेताओं में राजपूत ट्रेडर्स (कमलानगर), रिछौरा कृषि वानिकी सहकारी समिति (रिछौरा), जैनुल आबदीन खाद भंडार (भिलाई कला), कर्मशेर खाद भंडार (जोधनपुर) और नवीन हरियाली कृषि सेवा केंद्र (पूरे चितई) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन प्रतिष्ठानों से उर्वरक खरीदने वाले कृषकों का सत्यापन संबंधित विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के माध्यम से कराया जा रहा है। सत्यापन उपरांत दोषी पाए जाने पर विक्रेताओं के विरुद्ध विधिक कार्रवाई होगी। जिला कृषि अधिकारी ने सभी उर्वरक प्रदायकर्ता कंपनियों को निर्देशित किया है कि थोक विक्रेताओं को अनुदानित उर्वरकों के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की टैगिंग करके आपूर्ति न करें। साथ ही फुटकर विक्रेताओं को भी चेताया गया है कि वे बिक्री रजिस्टर में कृषक का नाम, पता, मोबाइल नंबर और खरीदे गए उर्वरक की मात्रा दर्ज करें, जिसका मोबाइल नंबर के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। निर्देश में यह भी कहा गया है कि कृषकों की खतौनी देखकर जोत के अनुसार ही उर्वरक का वितरण करें और एक ही कृषक को बार-बार उर्वरक न बेचें, ताकि ह्यटॉप-20 बायरह्व की संख्या न बढ़े। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक की अनियमित बिक्री या निर्धारित दर से अधिक पर बिक्री की शिकायत मिली तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूली छात्राओं से अपर पुलिस अधीक्षक ने बंधवाई राखी, सुरक्षा का दिया भरोसा



**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह को राखी बांधकर शुभकामनाएं दी गयी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएं दी गयी व उपहार प्रदान किये गये व सुरक्षा का भरोसा दिया गया। साथ साथ पुलिस कार्यालय गौरीगंज में नियुक्त महिला कर्मचारियों को राखी वितरित की गई ।

## जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की अपर जिलाधिकारी ने ली बैठक

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में एडीएम ने खाद्य सुरक्षा विभाग एवं ड्रग विभाग द्वारा मारे गए छापों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम ने खाद्य विभाग व ड्रग विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक दुकानों/प्रतिष्ठानों



व मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर नमूने संकलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अधिक से अधिक दुकानों/प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंटों, मेडिकल स्टोर, आबकारी की दुकानों, मिड डे मील, सरकारी राशन की दुकानों, पोषाहार, दूध कलेक्शन सेंटर पर छापेमारी कर नमूने संकलित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी, बीएसए संजय तिवारी, अभिहित अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## मोबाइल झपटकर भागने वाले 2 गिरफ्तार

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 274/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना गौरीगंज से संबंधित व प्रकाश में आये मोटरसाइकिल सवार 02 व्यक्तियों को रोक कर नाम पता पूछा गया तो चालक ने अपना नाम निखिल सोनी पुत्र छोटे लाल निवासी राघीपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 20 वर्ष



व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शेरू चौहान पुत्र उदयपाल चौहान निवासी ग्राम पूरे वरवन थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 23 वर्ष बताया । तलाशी से शेरू चौहान के कब्जे से 01 अदद सैमसंग मोबाइल नीला रंग बरामद हुआ । बरामद मोबाइल का क्टएक जांचा गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त मोबाइल मुकदमा उपरोक्त से संबंधित झपटमारी कर छीने हुए मोबाइल का आईएमईआई है । मोटरसाइकिल पंजीकरण सं0 यूपी36यू5350 के संबंध में निखिल ने बताया कि मोटरसाइकिल उसकी स्वयं की है । मोबाइल के संबंध में दोनों व्यक्तियों ने बताया कि रात्रि में स्टेशन चौराहे के पास जॉन डियर ट्रैक्टर एजेंसी के पास एक लड़के से झपट कर भाग गये थे यह वही मोबाइल है । दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है । गिरफ्तारी व बरमादगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की बैठक संपन्न



**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमार:-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला स्तरीय स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी ने जिलाधिकारी के समक्ष स्थायी समिति के उद्देश्य और पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन के संबंध में बिंदुवार जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकारों को जनहित के खबरों को भी समाचार पत्रों में स्थान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों में महत्वपूर्ण और प्रेरणायुक्त समाचारों के प्रकाशन से समाज में एक बेहतर संदेश जाता है। जनपद के मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधुओ ने जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रेस क्लब, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, पत्रकारों का उत्पीड़न एवं सुरक्षा, गंगा तिगरी मेला में पत्रकारों के लिए उचित स्थान पर कैंप आदि की विभिन्न समस्याओं को रखा। जिलाधिकारी ने गंभीरता के साथ सभी प्रकरणों पर आवश्यक जानकारी हासिल कर समस्त मान्यता प्राप्त पत्रकारों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा उठाई गई विभिन्न समस्याओं का ससमय निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी पत्रकार बंधुओ से आग्रह किया कि वह महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर योजना के तहत अपने घरों पर सोलर पैनल लगवाएं और साथ ही योजना का प्रचार प्रसार करें और लोगों को सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित करें। जिला सूचना अधिकारी मो0 दानिश ने आशा व्यक्त की कि पत्रकारों एवं जिला प्रशासन के बीच पूर्व की भांति मधुर संबंध बने रहेंगे और जनहित में विकास कार्यों एवं शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में पत्रकार बंधुओं का सहयोग मिलता रहेगा। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर शक्ति सिंह, मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधु डॉक्टर शाकिर अमरोही, तुलाराम ठाकुर, महिपाल सिंह, बी0एस0 आर्य, बसंत सारस्वत, मो0 परवेज आलम, शिवओम शर्मा, तारिक अजीम और मरगूब हुसैन उपस्थित रहे।

## रोडवेज बस पर पेड़ गिरने से पांच की मौत, 40 यात्री घायल-



**बाराबंकी (सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** जिला मुख्यालय से लगभग नौ किलोमीटर दूर हैदरगढ़ मार्ग पर मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। रोडवेज की अनुबंधित बस पर अचानक गूलर का पेड़ गिर गया। पेड़ बस के अगले हिस्से पर आकर गिरा, जिससे चीख-पुकार मच गई। हादसे में चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 40 यात्री घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल और आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। मृतकों में शहर के मोहल्ला गुलरिया गार्दा निवासी शिक्षा मेहरोत्रा (53) की पहचान हुई है। अन्य मृतकों की शिनाख्त कराई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

## बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए कृमि से छुटकारा जरूरी:- सुनील कुमार





**रहरा/अमरोहा (सब का सपना):-** सीएचसी रहरा पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के संबंध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक के सभी प्रधानाध्यापकों एवं इंचार्ज अध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने की एवं एआरओस्वास्थ्य डॉ.सुनील कुमार ने प्रशिक्षण में अपनी बात साझा करते हुए उक्त कार्यक्रम की बिन्दुवार जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए डॉ. सुनील कुमार ने अध्यापकों को अवगत कराया कि की राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 11 अगस्त को सभी विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा जिसमें बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया की 3 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की पूरी गोली चलाकर खिलाई जाएगी। दवाई खिलाते समय आसपास पीने के पानी का उचित प्रबंध अवश्य रखें।इसके इसके अलावा जो बच्चे बीमार है अथवा अन्य कोई दवाई ले रहे हैं उन्हें एल्बेंडाजोल की दवाई नहीं खिलाई जाएगी। शिक्षक दवाई खिलाने से पहले खांसी, बुखार, सांस फुलने आदि लक्षणों की जांच अवश्य कर लें ।उसके उपरांत ही बच्चों को दवाई खिलाएं। यह दवाई चबाकर अच्छी तरह से खिलाएं और बाद में बच्चों को पानी अवश्य पिलाएं।खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 11 अगस्त को होगा। इस अवसर पर विभाग के सभी कर्मचारी, शिक्षकों की यह जिम्मेदारी है कि कृमि से छुटकारा सेहतमंद भविष्य हमारा के आधार पर शत प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली जरूर खिलाएं। और शिक्षक माप अप दिवस पर दवाई खिलाने के साथ-साथ कक्षा के उपस्थिति रजिस्टर में हर बच्चे के नाम के सामने टिक लगाकर संख्या सुनिश्चित करके प्रपत्र अवश्य संकलित करें।बताया कि शिक्षक बच्चों के माता-पिता को बुलाकर डि वार्मिंग के तहत खिलाई जाने वाली एल्बेंडाजोल की गोली के फायदे के बारे में भी अवश्य अवगत कराएं और 11 अगस्त को अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, संयुक्त मंत्री महताबुद्दीन, संकुल शिक्षक हरिओम सिंह, प्रमोद कुमार, जयवीर सिंह,विजेंद्र सिंह,भगीरथ सिंह,संजय सिंह, फैजान हस्मत,संदीप कुमार,नरदेव सिंह, छत्रपाल सिंह, राजवीर सिंह,नवेद मंसूरी , कुलदीप त्यागी, योगराज चौहान,करणवीर सिंह, राजेश कुमार,लोकेश कुमार,देवराज सिंह, सरफराज अली,डा.राजेन्द्र प्रसाद, सतीश कुमार,शायरा बी,निगहत,साधना त्यागी,बबीता त्यागी आदि मौजूद रहे।

## अमेठी में बारिश का कहर, स्नान कर रही युवती पर गिरी कच्ची दीवार; मौत



**(अमेठी)।** लगातार हो रही बारिश कच्चे मकान की दीवार कमजोर हो गई हैं। इससे वह भरभराकर गिर रही है। शुक्रवार को भी एक कच्चे मकान की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से युवती की मौत हो गई। घटना के बाद परिवारजन में कोहराम मच गया है। सरूवावा गांव के कुबरा का पुरवा निवासी राम सुंदर चौहान की बहन सुंदरा देवी अपनी पुत्री गुड़िया के साथ कच्चे मकान में रहती है। सुंदरा का अपने पति से संबंध विच्छेद हो गया है। इसलिए वह अपने मायके में रहती है। शुक्रवार की सुबह 11 बजे के करीब गुड़िया घर स्नान कर रही थी। इसी दौरान कच्ची दीवार भरभराकर अचानक युवती पर गिर गई। दीवार गिरने की आवाज सुन बाहर बैठी मां चीखने-चिल्लाने लगी। चीख पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और दीवार का मलबा हटाकर युवती को बाहर निकाला। आनन-फानन में इलाज के लिए नौगिरवा स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया। युवती घर पर सिलाई का कार्य कर परिवार चलाने में मां का सहयोग करती थी। घटना के बाद मां बार-बार बेटी की याद में अचेत हो जा रही थी। चौकी प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने मामले में विधिक कार्रवाई शुरू की। एसडीएम आशीष सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी है। राजस्व टीम को मौके पर भेज कर जांच रिपोर्ट मांगी गई है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद पीड़ित परिवारजन को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी

### किशोरी के मामा ने लगाया अपने ही बहनोई व उसकी प्रेमिका पर लगाया हत्या का आरोप

**जुनावई/संभल(सब का सपना):-** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने पर गोपनीय सूचना पर पहुंचे मामा ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। वहीं सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जबकि सूचना के उपरांत मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटना से नमूने उठाए हैं। थाना क्षेत्र के लतीफपुर टोड़ी गांव के रहने वाले वीरपाल सिंह की 17 वर्षीय पुत्री गुड़िया की शुक्रवार सुबह के समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वहीं किशोरी की मौत की भनक अलीगढ़ जनपद के पाली थाना क्षेत्र के गांव वाटनगला के रहने





वाले मृतका गुड़िया के मामा सत्यपाल सिंह को लगने पर वह परिवार के लोगों के साथ लतीफपुर टोड़ी गांव में पहुंच गए। जहां किशोरी की मौत होने पर साले बहनोई में दोनों तरफ से नरमा गरमी की बात होने पर मामा ने 112 पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। तभी मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने तुरंत ही थाना प्रभारी उमेश सिंह सोलंकी को सूचना देकर अवगत कराया। सूचना के उपरांत मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने पंचायत नामा भरकर शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जबकि सूचना पर पहुंची फॉरेस्टिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना से नमूने उठाए हैं। किशोरी की मौत में मामा ने पिता एवं प्रेमिका के खिलाफ हत्या में मुकद्दमा दर्ज कराया है थाना क्षेत्र के गांव में किशोरी गुड़िया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने पर थाना पाली मुकीमपुर के गांव वाटुल नगला के रहने वाले मृतका के मामा सत्यपाल सिंह ने मृतका के पिता वीरपाल एवं गांव की रहने वाली एक महिला के खिलाफ हत्या की धारा में मुकद्दमा दर्ज कराया है। वहीं थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या की धारा में मुकद्दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी उमेश सिंह सोलंकी ने बताया कि मृतका के मामा सत्यपाल की तहरीर के आधार पर पिता वीरपाल एवं गांव की ही रहने वाली एक महिला के खिलाफ की हत्या धारा में मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है।वहीं मृतका के मामा के द्वारा पता चला है कि वीरपाल एवं महिला के अवैध संबंध थे। वहीं इसको लेकर मृतका गुड़िया एतराज करतीं थीं। वीरपाल ने अपने रास्ते से कांटा हटाने के लिए उसे यह कदम उठाना पड़ा। मामा की तहरीर के आधार पर पिता वीरपाल के खिलाफ हत्या की धारा में मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है।

# श्रीमती ब्रहमा देवी बालिका इण्टर कालिज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का किया गया समापन





**हापुड (सब का सपना):-** आज श्रीमती ब्रहमा देवी बालिका इण्टर कालिज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह का आयोजन किया गया। काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी समारोह 09 अगस्त 2024 से प्रारम्भ हुआ था जिसका समापन 08 अगस्त 2025 को किया जा रहा है। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में सदर विधायक विजय पाल आढ़ती, विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह के सजीव प्रसारण के माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक विजय पाल आढ़ती, विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वल करके किया गया। श्रीमती ब्रहमा देवी बालिका इण्टर कालिंज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का आयोजन किया गया ' स्वागत गीत आर्य कन्या पाठशाला की छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का पटका, बुके एवं टीका लगाकर स्वागत किया गया। सरस्वती बाल मंदिर एवं श्रीमती ब्रहमा देवी बालिका इ०का० के विद्यार्थियों द्वारा योग प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा आये हुए कलाकारों द्वारा देश भक्ति गीत प्ररस्तुत किया गया। विधायक सदर द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने अपने अमूल्य विचार प्ररस्तुत किये गये। कार्यक्रम के संयोजक मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को आजादी का महत्व बताते हुए आजादी को संजोकर रखने एवं अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ रहने एवं उनको पूरा करने का आह्वान भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के नोडल जिला विद्यालय निरीक्षक डा० श्वेता पूठिया द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन का कुशल संयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी देवेन्द्र प्रताप, पी०डी०, खण्ड विकास अधिकारी हापुड़ श्रुति सिंह उपस्थित रहे। कार्यकम का समापन पुलिस बैण्ड के द्वारा राष्ट्रगान का धुन बजाकर किया गया।

# पोषण पोटली पाकर खिले क्षय रोगियों के चेहरे

## डाबर द्वारा वित्त पोषित संदेश संस्था द्वारा किया गया पोषाहार वितरण




**हापुड़ (सब का सपना):-** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी के निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में जनपद में लगातार रोगियों को पोषाहार वितरण किया जा रहा है। जनपद में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्वयंसेवकों द्वारा समय-समय पर टी0बी0 के रोगियों को प्रोटीन युक्त पोषाहार दिया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सपनावत पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर साजिद की अध्यक्षता में डाबर द्वारा वित्त पोषित संस्था संदेश के द्वारा 50 टी0बी0 रोगियों को डाबर कंपनी के प्रोटीन युक्त प्रोडक्ट जैसे प्रोटीन पाउडर च्यवनप्राश आदि प्रदान की गई। इस अवसर पर संदेश संस्था से सुमित कुमार राणा एवं संजीव भारद्वाज स्वास्थ्य विभाग से डॉ साजिद खान जिला पी0पी0एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी चीफ फार्मासिस्ट अनिल पाल वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संगीता अरोड़ा व भारत भूषण सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

# धामपुर शेरकोट मार्ग पर हादसा, हरिद्वार जा रही रोडवेज बस पलटी, बड़ा हादसा टला



**बिजनौर (सब का सपना) शो सिंह सैनी:-** जनपद के धामपुर-शेरकोट मार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया जब हरिद्वार जा रही यात्रियों से भरी एक रोडवेज बस राजपूताना रिसोर्ट के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में कुल 44 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि हादसा गंभीर नहीं हुआ और बड़ा हादसा टल गया। इस दुर्घटना में चार यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अभय पांडे मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने तुरंत राहत कार्य शुरू कराया और पलटी बस को सीधा कर सड़क किनारे से हटवाया। इसके बाद यात्रियों को अन्य वाहनों की सहायता से हरिद्वार के लिए रवाना किया गया। मौके पर अफरातफरी का माहौल रहा, लेकिन पुलिस की तत्परता से स्थिति पर काबू पा लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसा बस के तेज रफ्तार और मोड़ पर संतुलन बिगड़ने के कारण हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# तालाब में डूबने से 18 वर्षीय युवक की मौत, शव बरामद



**बिजनौर (सब का सपना) शो सिंह सैनी:-** जनपद के नगीना थाना क्षेत्र के गांव नैनपुरा में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 18 वर्षीय सलमान पुत्र पप्पू, निवासी जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सलमान अपने अन्य साथियों के साथ लकड़ी की टाइल्स बनाने के काम से गांव नैनपुरा आया हुआ था। काम के बाद वह तालाब में नहाने गया, जहां गहराई का अंदाजा न लग पाने के कारण वह डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। तालाब में पानी ज्यादा होने की वजह से गोताखोरों को बुलाया गया, जिनकी मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आगामी कार्तिक पूर्णिमा गढ़ गंगा मेले को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

### आगामी कार्तिक पूर्णिमा गढ़ गंगा मेले में साफ-सफाई का रखा जाए विशेष ध्यान: जिलाधिकारी



**हापुड़ (सब का सपना):-** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के द्वारा गढ़मुक्तेश्वर गंगा घाट पर आयोजित होने वाले आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेला आयोजन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले 2025 को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न कराने हेतु अधिकारियों के साथ चर्चा की। जिलाधिकारी ने मेले से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि गढ़मुक्तेश्वर मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को मेले के दौरान किसी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाए इसके लिए समय से ही सभी व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए तथा कार्तिक पूर्णिमा मेले में साफ-सफाई का विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। सभी अधिकारी मेले का भ्रमण कर मेले की जानकारी प्राप्त कर ले, जहां पर भी किसी प्रकार की कोई समस्या आ रही हैं तो उसको समय रहते ही पूर्ण कर लिया जाए जिससे मेले के दौरान अव्यवस्था ना होने पाए।

# पटेल नगर में महिला ने बाथरूम में जन्म देकर कर दी नवजात शिशु की हत्या, थैली में भरकर कूड़े में फेंका शव




**दिल्ली।** दिल्ली के पटेल नगर से बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक घरेलू कामगार के रूप में काम करने वाली 26 वर्षीय महिला ने बाथरूम में बच्चे को जन्म दिया और उसको गला घोंट कर मार दिया। पुलिस ने महिला पर आरोप लगाते हुए गुरुवार को यह जानकारी दी। वहीं, पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। कचरा बीन रहे एक सफाई कर्मचारी ने शव देखा था अधिकारी ने बताया कि मामला 28 जुलाई को तब सामने आया जब पटेल नगर थाने को एक पीसीआर कॉल आई जिसमें पश्चिम पटेल नगर स्थित एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के पार्किंग एरिया में एक सफेद प्लास्टिक बैग में एक मृत नवजात शिशु मिलने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि कचरा बीन रहे एक सफाई कर्मचारी ने शव देखा था। पेट में सूजन कहकर गर्भावस्था की बात छुपाई पटेल नगर स्थित इस घर में 2023 से काम कर रही आरोपी ने अपने मालिकों को बताया था कि वह एक बीमारी से पीड़ित है जिससे उसके पेट में सूजन आ गई है। 26 जुलाई को, जब उसके मालिक घर से बाहर थे, आरोपी ने बाथरूम में ही बच्चे को जन्म दे दिया। अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जांच से पता चला है कि नवंबर 2024 में एक शादी में शामिल होने अपने गांव गई महिला ने अपने प्रेमी के साथ शारीरिक संबंध बनाए और गर्भवती हो गई। 'सामाजिक कलंक' के कारण उसने बच्चे को मार डाला अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने अपने साथी को अपनी गर्भावस्था की खबर दी, लेकिन उसने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और 'सामाजिक कलंक' के कारण उसने बच्चे को मार डाला। उन्होंने बताया कि महिला की 2019 में एक बार शादी हुई थी और 2021 में उसका तलाक हो गया था। शव मिलने के बाद, आरोपी महिला के साथ काम करने वाले लोगों ने पुलिस से संपर्क किया और आरोपी को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया। फिलहाल, पुलिस आरोपी के साथी से पूछताछ कर रही है।

# पहले सलवार-सूट पहनने पर रोका, अब दे रहे डिस्काउंट, दिल्ली में मंत्री के एक्शन के बाद रेस्टोरेंट मालिक की निकली हेकड़ी



**नई दिल्ली:** दिल्ली के पीतमपुरा स्थित टुबाटा रेस्टोरेंट के वीडियो वायरल होने पर दिल्ली सरकार ने तुरंत एक्शन लिया है। जिसके बाद कपिल मिश्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए बताया कि रेस्टोरेंट के संचालकों ने स्वीकार कर लिया है कि परिधान आधारित कोई प्रतिबंध अब नहीं लगाएंगे। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा अपने एक और पोस्ट में लिखा कि "पीतमपुरा के इस रेस्टोरेंट के संचालकों ने स्वीकार कर लिया है कि परिधान आधारित कोई प्रतिबंध अब नहीं लगाएंगे व भारतीय परिधानों में आने वाले नागरिकों का स्वागत करेंगे। रक्षाबंधन पर भारतीय परिधानों में आने वाली बहनों को कुछ डिस्काउंट भी देंगे। इससे पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा था कि - "पीतमपुरा के एक रेस्टोरेंट में भारतीय परिधानों पर रोक का वीडियो सामने आया है। ये अस्वीकार्य है। सीएम रेखा गुप्ता जी ने घटना का गंभीरता से संज्ञान लिया है। अधिकारियों को इस घटना की जांच व तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।" बता दें सोशल मीडिया पर एक दंपत्ति का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक कपल ये कहते हुए देखे गए कि उन्हें भारतीय परिधान (सूट-सलवार) में होने के कारण से रेस्टोरेंट में जाने से रोक दिया गया। वीडियो में एक शख्स कहता हुआ नजर आया कि "यहां के स्टाफ ने इंडियन कल्चर और एक महिला की बेइज्जती की है। क्या इंडियन कल्चर के कपड़े पहनना खराब है? ऐसे रेस्टोरेंट को बंद किया जाना चाहिए। जो रेस्टोरेंट हमारे कल्चर के खिलाफ है, उसको नहीं चलने दिया जा सकता है। अगर हमारी राष्ट्रपति आ जाएं, या फिर दिल्ली की सीएम जो खुद एक महिला हैं आ जाएं तो उनको भी यहां रोक दिया जाएगा। इन कपड़ों में क्या समस्या है? ऐसे रेस्टोरेंट को हिंदुस्तान में होना ही नहीं चाहिए।"

# फ्री गंज रोड़ स्थित रेलवे पार्क से एक वृहद तिरंगा रैली निकाली गयी



**हापुड़ (सब का सपना):-** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह के अवसर पर प्रातः 08 बजे फ्री गंज रोड़ स्थित रेलवे पार्क से प्रारम्भ होकर नगर पालिका परिसर तक एक वृहद तिरंगा रैली निकाली गयी। जिसमें एस०एस०वी० इ०का० हापुड़, दीवान इ०का० हापुड़, शांति स्वरुप कृषि इ०का० हापुड़, आर्य कन्या पाठशाला, हापुड़, भवानी बालिका इ०का० हापुड़, रामस्वरुप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अच्छेजा, हापुड़ के 700 से 800 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। तिरंगा प्रभात फेरी का आयोजन देशभक्ति पूर्ण वातावरण में किया गया। विद्यार्थियों द्वारा उच्च स्वर में देश भक्ति के नारे लगाये गये जिससे मार्ग में आने जाने वाले सभी जनसमुदाय भी देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गए। सभी विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगे थे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम एवं जिला विद्यालय निरीक्षक डा० श्वेता पूठिया ने संयुक्त रुप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा प्रभात फेरी में प्रधानाचार्य दीवान इ०का० डा० मनोज कुमार, प्रधानाचार्य एस०एस०के०इ०का०प्रभु दयाल जयन्त,भारत भूषण वत्स इत्यादि के द्वारा उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया गया।

# यमुना खादर में कहीं न हो जाए बड़ा हादसा ! यमुना नदी ऊफान पर और 2500 स्थानीय लोग घर छोड़ने से कर रहे इंकार



**पूर्वी दिल्ली।** पहाड़ों पर हो रही मूसलधार वर्षा से यमुना उफान पर है। इसके बाद भी यमुना खादर में अवैध रूप से रहने वाले ढाई हजार लोग क्षेत्र को छोड़ने को तैयार नहीं है। पूर्वी जिला प्रशासन खादर में मुनादी करके लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने को कह रहा है। लेकिन यहां के लोग खतरा सिर पर आने का इंतजार कर रहे हैं। जगह छोड़ने को तैयार नहीं है। अवैध रूप से रहने वालों को खदेड़ा जून में प्रशासन ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर खादर में सर्वे किया था। इस सर्वे में पता चला था खादर में ढाई हजार लोग अभी भी अवैध रूप से झुग्गियों में रह रहे हैं। पिछले साल यह संख्या करीब 20 हजार थी। एलजी की सख्ती के बाद डीडीए ने खादर में अवैध रूप से रहने वाले लोगों को खदेड़ा था। जरा भी चिंता नहीं बृहस्पतिवार सुबह से ही पूर्वी जिला प्रशासन ने मोटर बोट व कर्मचारियों को क्षेत्रों में भेजकर जगह खाली करने को लेकर मुनादी करवाई। चेतावनी के बाद भी लोग अपनी जगह से हिले नहीं। बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग सब रह रहे हैं। उन्हें इस बात की जरा भी चिंता नहीं है कुछ दिनों पहले उत्तराखंड में बादल फटने से किस तरह की त्रासदी आई। खादर में डूब गई थीं झुग्गियां पुराना लोहा पुल से दिल्ली में यमुना का जलस्तर देखा जाता है। इस पुल के नीचे ही लोग अभी भी झुग्गी डालकर रह रहे हैं। मयूर विहार व डीएनडी के पास लोग झुग्गियों में रह रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से कह दिया है खादर में जब पानी आएगा, वह खुद चले जाएंगी। वर्ष 2023 में यमुना का जलस्तर काफी बढ़ गया था। पानी सड़कों तक आ गया था। खादर में झुग्गियां डूब गई थीं। बोट क्लब को अलर्ट मोड पर एसडीएम प्रीत विहार संदीप यादव ने कहा कि प्रशासन ने बोट क्लब को अलर्ट मोड पर रखा है। 14 स्थानों पर क्लब की बोट लगाई गई हैं। गोताखोरों को भी तैनात किया गया है। जहां भी जरूरत पड़ेगी, बोट व गोताखारों को वहां भेजा जाएगा। लोगों से अपील की जा रही है कि वह यमुना से दूर रहें। दिल्ली में नहीं आएगी बाढ़ पूर्वी जिले के जिलाधिकारी अमोल श्रीवास्तव का कहना है

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी



**बिजनौर (सब का सपना) शौसिहं सैनी:-** जनपद के थाना मंडावली क्षेत्र के गांव श्यामिवाला में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। घटना रात के समय उस वक्त हुई जब युवक अपने घर में सो रहा था। सुबह परिजनों ने युवक को मृत अवस्था में पाया, जिसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। मौके पर थाना पुलिस के साथ-साथ क्षेत्राधिकारी और एसपी समेत वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि युवक अपने कमरे में अकेले सो रहा था। परिजनों का कहना है कि उन्होंने किसी संदिग्ध गतिविधि की आवाज नहीं सुनी। पुलिस को दिए गए बयान में परिजनों ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर संदेह जताया है। एसपी बिजनौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए कई टीमों का गठन किया है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। गांव में फिलहाल भय और शोक का माहौल है। ग्रामीणों की मांग है कि मामले की जल्द से जल्द सच्चाई सामने लाई जाए और दोषियों को सख्त सजा मिले। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी के भाई की दिल्ली में निर्मम हत्या, मर्डर की ये वजह आई सामने



**दक्षिणी दिल्ली।** निजामुद्दीन थाना क्षेत्र के जंगपुरा भोगल बाजार लेन में गुरुवार देर रात पार्किंग विवाद में एक सनसनीखेज हत्या हो गई। अभिनेत्री हुमा कुरैशी के भाई की दिल्ली में हत्या कर दी गई है। अभिनेत्री के चचेरे भाई आसिफ की दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में हत्या कर दी गई है। पार्किंग विवाद की वजह से आसिफ पर हमला किया और इसमें उसकी जान चली गई है। पुलिस ने हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, रात करीब 11 बजे स्कूटी को गेट से हटाकर साइड में लगाने को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने आसिफ कुरैशी पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल आसिफ को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी और रिश्तेदारों का कहना है कि मामूली बात पर आरोपियों ने बेरहमी से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी ने बताया कि पहले भी पार्किंग विवाद को लेकर मेरे पति से उनका झगड़ा हुआ था मेरे पति कम से लौट कर घर पहुंचे तो घर के सामने पड़ोसी की स्कूटी लगी हुई थी। जिसको हटाने के लिए उन्होंने पड़ोसी को कहा लेकिन पड़ोसी ने स्कूटी हटाने के बजाय उनके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया और किसी तेज धारदार नुकीली चीज से उनकी हत्या कर दी

# दिल्ली के पटेल नगर में मां ने जन्म देने के तुरंत बाद नवजात का घोंटा गला, शव कूड़े में फेंक हो गई फरार




**नई दिल्ली।** मध्य जिला के पटेल नगर में 26 वर्षीय एक घरेलू सहायिका ने अपने मकान मालिक के घर में नवजात (पुत्र) को जन्म देने के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और शव को घर के घर बाहर कूड़ेदान में फेंक दिया। यह मामला 28 जुलाई को सामने आया जब एक कूड़ा बीनने वाले ने एक प्लास्टिक बैग में नवजात का शव देखा और मकान मालिक को इसकी जानकारी दी। शव को इमारत की पार्किंग से बरामद किया बच्चे का शव देखने के बाद मकान मालिक ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को इमारत की पार्किंग से बरामद कर लिया। क्राइम टीम और स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का कहना है कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि महिला अक्टूबर 2023 से एक व्यक्ति के घर में बतौर घरेलू सहायिका काम कर रही थी। महिला का 2021 में तलाक हो चुका है। वह नवंबर 2024 में उत्तर प्रदेश के रायबरेली स्थित अपने गांव गई थी। वहां उसके किसी रिश्तेदार की शादी थी। उस दौरान उसका अपने पूर्व साथी से शारीरिक संबंध बना। कुछ दिन बाद वह वापस पटेल नगर आ गई थी। दोस्त ने नहीं ली बच्चे की जिम्मेदारी कुछ महीने बाद उसे पता चला कि वह गर्भवती है। इस बात की जानकारी दोस्त को देने पर जब उसने जिम्मेदारी लेने से इन्कार कर दिया। 26 जुलाई को जब उसके मालिक परिवार के साथ बाहर गए थे तब युवती ने बाथरूम में नवजात को जन्म देकर सामाजिक कलंक के डर से तुरंत सफेद कपड़े से गला घोंटकर नवजात की हत्या कर दी और शव को एक कूड़े के बैग में डालकर बाहर फेंक दिया। हत्यारिन मां अब भी फरार सात अगस्त को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट और गला घोंटने से मौत की पुष्टि होने के बाद पटेल नगर थाना पुलिस ने युवती के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) और 238 (अपराध के साक्ष्य को नष्ट करना या झूठी जानकारी देना) के तहत मामला दर्ज कर लिया। घटना के बाद से युवती फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# डीपीएल 2025: प्रियांश आर्या ने मचाया तूफान, 9 छक्के 7 चौके के साथ इतने गेंदों पर बना दिए 111 रन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 के 12वें मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ आउटर दिल्ली वॉरियर्स के ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्या का तूफान मैदान पर देखने को मिला। प्रियांश ने अपनी तूफानी बैटिंग के दम पर विरोधी गेंदबाजों की हवा टाइट कर दी और इस सीजन में ये प्रियांश का अपनी टीम के लिए पहला शतक रहा।

इस मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स के कप्तान अनुज रावत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद पहले बैटिंग करने आई आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 231 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया और विरोधी टीम को जीत के लिए 232 रन का बड़ा लक्ष्य दिया।

23 साल के प्रियांश आर्या ने अरुण जेटली मैदान पर ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ के खिलाफ अपना शतक 52 गेंदों पर पूरा किया। हालांकि, वो इसके बाद आउट हो गए, लेकिन उन्होंने 56 गेंदों का सामना करते हुए 111 रन की तूफानी पारी खेली। प्रियांश का स्ट्राइक रेट इस दौरान 198.21 का रहा जबकि उन्होंने अपनी पारी के अंदर 9 छक्के और 7 चौके जड़े।

वहीं आउटर दिल्ली के दूसरे ओपनर बल्लेबाज सनत सांगवान 5 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं प्रियांश ने इस मैच में दूसरे विकेट के लिए करण गर्ग के साथ मिलकर 92 रन की मजबूत साझेदारी की तो वहीं करण ने 24 गेंदों में 43 रन की पारी खेली।



# नाओमी ओसाका को हराकर विक्टोरिया म्बोको ने जीता कैनेडियन ओपन महिला एकल वर्ग का खिताब



**मॉन्ट्रियल (एजेंसी)।** विक्टोरिया म्बोको ने कैनेडियन ओपन महिला एकल का खिताब जीत लिया है। 18 साल की कनाडा की विक्टोरिया म्बोको ने जापान की दिग्गज खिलाड़ी नाओमी ओसाका को हराकर चैंपियन बनी।

वाइल्ड कार्ड एंट्री करने वाली विक्टोरिया म्बोको ने चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर कैनेडियन ओपन का खिताब जीता था। अपने घर में मिली यह जीत म्बोको के लिए विशेष थी। म्बोको ने पहला सेट हारने के बाद जोरदार वापसी की और दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत से म्बोको ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। वह डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 25वें स्थान पर पहुंच गई। उन्हें इस महीने के अंत में न्यूयॉर्क में होने वाले ग्रैंड स्लैम में पहली वरीयता दी जाएगी।

2019 के बाद म्बोको कनाडा की ऐसी दूसरी महिला खिलाड़ी बनी हैं, जिन्होंने कैनेडियन ओपन जीता है। 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने खिताब अपने नाम किया था। टूर्नामेंट में आने से पहले म्बोको की रैंकिंग 85 थी। उनकी जीत उन्हें 1990 में इस प्रारूप की शुरुआत के बाद से टियरद्ध 'डब्ल्यूटीए 1000' खिताब जीतने वाली दूसरी सबसे कम रैंकिंग वाली खिलाड़ी बनाती है।

वह 2009 के बाद से 'डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट' में अपना पहला खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। म्बोको 1995 में मोनिका सेलेस के बाद नेशनल बैंक ओपन जीतने वाली दूसरी वाइल्डकार्ड खिलाड़ी हैं। म्बोको ने सोफिया केनिन, कोको गॉफ, एलेना रयबाकिना और ओसाका जैसी दिग्गजों को हराते हुए खिताब जीता। गॉफ और रयबाकिना को क्रमशः पहली और तीसरी वरीयता दी गई थी।

वहीं, चार पूर्व महिला एकल ग्रैंड स्लैम चैंपियन का सामना करने वाली और ओपन एरा में एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में चारों को हराने वाली विक्टोरिया म्बोको पहली कनाडाई खिलाड़ी हैं। म्बोको ओपन एरा में एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में चार ग्रैंड स्लैम चैंपियन को हराने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। पहली खिलाड़ी 1999 में सेरेना विलियम्स थीं।

# एशिया कप से पहले ऑस्ट्रेलिया दौरा क्यों है महत्वपूर्ण, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने बताई वजह



**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम का उसके घरेलू मैदान पर सामना करने से उनकी टीम को इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप से पहले उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार की जरूरत है।

भारतीय टीम आज तड़के ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई, जहां वह 15 से 21 अगस्त तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के खिलाफ चार मैचों की महत्वपूर्ण श्रृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा बड़ी चुनौती होती है और एशिया कप के लिए तैयारी के इस चरण में हमें इसी की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'हम इस श्रृंखला को एशिया कप की तैयारी के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देख रहे हैं। हमारा ध्यान एक इकाई के रूप में सुधार करने, मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने और एशिया कप के लिए राजगीर जाने से पहले जरूरी लय हासिल करने पर है।% हरमनप्रीत ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे से हमें एशिया कप से पहले उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार करने की आवश्यकता है। हम ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच 15, 16, 19 और 21 अगस्त को खेले जाएंगे। इस श्रृंखला से टीम प्रबंधन को एशिया कप के लिए अंतिम टीम के चयन करने में भी मदद मिलेगी। एशिया कप 29 अगस्त से राजगीर में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट का विजेता विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

# चेन्नई सुपर किंग्स का साथ छोड़ेंगे रविचंद्रन अश्विन

**चेन्नई (एजेंसी)।** स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपनी इच्छा बता दी है। अश्विन ने 2025 के आईपीएल में ही 9 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स में वापस आई थे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा ऑक्शन में 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ही अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी। 2010 से 2015 तक वह सीएसके का हिस्सा रहे। 2016 से 2024 तक वह दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स जैसी अलग-अलग टीमों के साथ खेले। 2025 में 9 साल बाद वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए दिखे थे।



क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, अश्विन ने सीएसके से अलग होने का फैसला किया है। उन्होंने अपने फैसले के बारे में फ्रेंचाइजी को बता दिया है। वैसे उनके इस फैसले की वजह क्या है, इसके बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

अश्विन न सिर्फ सीएसके छोड़ने वाले हैं, बल्कि सीएसके एकेडमी के डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस का पद भी छोड़ने वाले हैं। उन्हें पिछले साल ही ये जिम्मेदारी मिली है।

रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन नहीं चाहते कि अगर वह किसी और फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ते हैं तो सीएसके एकेडमी से उनके जुड़ाव की वजह से हितों के टकराव जैसी स्थिति पैदा हो। इसलिए वह सीएसके के साथ-साथ उसकी एकेडमी से भी नाता तोड़ेंगे।

# एशिया कप में भारत–पाक मैच रद्द होने की संभावना नहीं



मुम्बई। भारत और पाकिस्तान के बची आठ सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टीम को 14 सितंबर को पाकिस्तान से खेलना है। इस मैच का विरोध भी हो रहा है और कहा जा रहा है कि पाक जिस प्रकार से आतंकी घटनाओं में शामिल रहा है। उससे भारतीय टीम को इस मैच का बहिष्कार करना चाहिये हालांकि ये संभव नजर नहीं आता। वहीं इस मामले में अभी तक भारत सरकार और क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोई जवाब नहीं दिया है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये मैच रद्द होना इतना आसान नहीं है। वहीं अमीरात क्रिकेट बोर्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुभान अहमद ने कहा, 'जब एशिया कप जैसे टूर्नामेंट में खेलने का फैसला इसमें शामिल सभी सरकारों की सहमति से होता है। उसके बाद ही कार्यक्रम जारी किया जाता है। ऐसे साफ है कि यहां वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) जैसी स्थिति नहीं होगी।' वहीं इससे पहले हुए पूर्व क्रिकेटरों के डब्ल्यूसीएल में इंडिया चैम्पियंस के खिलाड़ियों ने मैच का बहिष्कार कर दिया था। जिससे ये मैच नहीं हो पाया। इसी को लेकर मुख्य परिचालन अधिकारी ने कहा, 'हम कोई गारंटी नहीं दे सकते पर एशिया कप जैसे टूर्नामेंट की तुलना किसी निजी इवेंट से करना सही नहीं होगा।' एशिया कप की मेजबानी भारत के पास है हालांकि सारे मुकाबले यूएई में खेले जाएंगे। भारत का पहला मैच 10 सितंबर को दुबई में मेजबान यूएई के खिलाफ होगा। भारत और पाक के बीच अंतिम बार मुकाबला 9 जून 2024 को न्यूयॉर्क में हुए टी20 विश्व कप के दौरान हुआ था।

## मैकग्रा की भविष्यवाणी : एशेज में 5–0 से जीतेगा ऑस्ट्रेलिया

लंदन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला शुरू होने में अभी तीन महीने से अधिक का समय बाकी है लेकिन दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने भविष्यवाणी की है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5–0 से क्लीन स्वीप करेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यह प्रतिष्ठित श्रृंखला 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। मैकग्रा ने कहा कि उनकी भविष्यवाणी भारत के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर आधारित है। भारत ने एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली गई इस श्रृंखला में इंग्लैंड को 2–2 से बराबरी पर रोका था। मैकग्रा ने 'बीबीसी रेडियो' पर कहा, 'मैं अमूमन भविष्यवाणी नहीं करता हूं लेकिन एशेज के लिए मेरी भविष्यवाणी है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5–0 जीत हासिल करेगा।' उन्होंने कहा, 'मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। जब पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन अपने घरेलू हालात में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों, तो इंग्लैंड के लिए यह काफ़ी मुश्किल होने वाला है। इसके अलावा इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं है।' इंग्लैंड इस वर्ष के अंत में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। उसने 2015 के बाद से एशेज नहीं जीती है।

# धवन को आई बेटे जोरावर की याद, भावुक पोस्ट भी साझा की



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन सोशल मीडिया पर बेहद सक्रिय रहते हैं। धवन ने अब एक पोस्ट साझा की इसमें वह अपने बेट जोरावर सिंह को याद कर भावुक हो गये। धवन ने अपनी पोस्ट में बेटे जोरावर को लेकर एक संदेश भी लिखा है। धवन का अपनी पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक हो गया था। इसके बाद से उनका बेटा जोरावर ऑस्ट्रेलिया में अपनी मां आयशा के साथ रहता है। .अदालत के आदेश के अनुसार, धवन को भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों में ज़ोरावर से मिलने की अनुमति है और वह निर्धारित वीडियो कॉल के जरिये भी उससे संपर्क कर सकते हैं। धवन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ' डब्ल्यूसीएल में जब मैंने दोस्तों को अपने बच्चों के साथ खेलते देखा तब लगा कि काश जोरावर यहां होता। यह एक अलग तरह की खुशी होती। बाद में, मुझे उसके बचपन की कुछ तस्वीरें मिलीं जिससे कई यादें ताजा हो गयीं। कुछ पल वास्तव में दिल के सबसे करीब रहते हैं।' धवन ने जोरावर के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। इसमें धवन, रोहित शर्मा, उनकी बेटी समायरा और ज़ोरावर के साथ एक प्यार सी तस्वीर है। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स समापत होने के बाद धवन की इस पोस्ट ने प्रशंसकों को भी भावकु कर दिया है।

# मैग्नस कार्लसन बने पहले शतरंज ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 चैंपियन

**रियाद, सऊदी अरब (एजेंसी)।** विश्व नंबर एक नॉर्वे के ग्रांडमास्टर मैग्नस कार्लसन (टीम लिक्विड) ने ईरान के ग्रांडमास्टर अलीरेज़ा फिरौज़जा (टीम फाल्कन्स) को फाइनल में लगातार दो सेटों में 3-1, 3-1 से हराकर पहले शतरंज ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ कार्लसन ने न केवल इतिहास रच दिया बल्कि 2,50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और अपनी टीम के लिए 1000 अंक भी अर्जित किए।

फाइनल मुकाबला टेनिस की तरह तीन सेटों का था, जिसमें प्रत्येक सेट चार बाजियों का था। अगर ज़रूरत पड़ती तो तीसरा सेट दो बाजियों का होता। कार्लसन ने पहला सेट दो जीत और दो ड्रॉ से 3-1 से जीता। दूसरा सेट फिरौज़जा ने एक जीत से शुरू किया, पर अगले तीनों बाजियाँ हारकर मैच भी गँवा दिया।



तीसरे स्थान का मुकाबला-अमेरिका के ग्रांडमास्टर हिकारू नाकामुरा (टीम फाल्कन्स) ने भारत के ग्रांडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (टीम जेन.जी) को 3.5-2.5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन ने पहली बाजी में जीत दर्ज की थी, इसके बाद मुकाबला बराबरी पर चलता रहा लेकिन निर्णायक बाजी नाकामुरा ने जीतकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। नाकामुरा को 1,45,000 डॉलर और अर्जुन को 1,15,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

इस टूर्नामेंट में सभी बाजियाँ 10 मिनट के समय नियंत्रण पर खेली गईं। ई स्पोर्ट्स नियमों के अंतर्गत खिलाड़ियों को शोर-रहित हेडफोन पहनने और संगीत सुनने की छूट दी गई। कुल पुरस्कार राशि 15 लाख डॉलर थी और शतरंज खिलाड़ियों को 2.7 करोड़ डॉलर की ई-स्पोर्ट्स साझा इनामी राशि का हिस्सा भी मिला।

### इस जीत के बाद कार्लसन ने कहा

'सेमीफाइनल वास्तव में सबसे कठिन था और आर्मागेडन की कुछ चालों ने ही फर्क पैदा किया। आज के मुकाबलों में मुझे अधिक नियंत्रण महसूस हुआ, खासकर पहले खेल के बाद। मैं कभी-कभी जल्दी चलने को तरजीह देता हूँ बजाय ज़्यादा सोचने के।'

# फीफा विश्व कप और ओलंपिक खेलने का सपना : फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण ने शुक्रवार को कहा कि उनका सपना फीफा विश्व कप और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना है। यूएफा चैंपियंस लीग (यूरोप की शीर्ष पेशेवर फुटबॉल लीग) में खेलने वाली इकलौती भारतीय फुटबॉलर मनीषा शुक्रवार को यहां नेहरू स्टेडियम में लड़कियों के लिए आयोजित अस्मिता अंडर–13 लीग में आकर्षण का केन्द्र थी। उन्होंने कहा कि अस्मिता 'युवा लड़कियों को अपने फुटबॉल के सपनों को साकार करने के लिए मुश्किल से मिलने वाला मंच है।' तेईस साल की मनीषा ने अस्मिता के गुवाहाटी चरण में भाग लेने वाली आठ टीमों की हौसला अफजाई करने के बाद कहा'' मेरा सपना अब फीफा विश्व कप और ओलंपिक में खेलने का है। अगले साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद हमारे इरादे मजबूत हुए है।'' अस्मिता लीग का उद्देश्य पूरे भारत में जमीनी स्तर पर प्रतिभा की खोज करना है। मनीषा ने कहा, '' आपके पास अब 'अस्मिता' जैसा एक मंच है और आप जितने अधिक मैच खेलेंगी, आप उतनी ही बेहतर होती जाएंगी'' मनीषा के साथ इस मौके पर असम की दो उभरती हुई खिलाड़ी रेखा कटकी और दोसोमी रौतिया भी मौजूद थी।

# बेन शेल्टन ने कारेन खाचानोव को हराकर जीता कैनेडियन ओपन पुरुष एकल वर्ग का खिताब



टोरंटो। बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीत लिया है। फाइनल में शेल्टन ने कारेन खाचानेव को हराया। शेल्टन के करियर का यह सबसे बड़ा खिताब है। बेन शेल्टन ने कारेन खाचानेव तीन सेट तक चले मुकाबले में 6–7(5), 6–4, 7–6(3) से हराया। फाइनल मैच दो घंटे 48 मिनट तक चला। बेन शेल्टन एंडी रोडिक के बाद एटीपी मास्टर्स 1000 जीतने वाले दूसरे सबसे युवा अमेरिकी खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन से पहले 2004 में एंडी रोडिक ने मियामी ओपन का खिताब जीता था। खिताबी जीत के साथ शेल्टन एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में चौथे स्थान पर भी पहुंचे। इससे नवंबर में होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उनकी संभावना बढ़ गई है। शेल्टन 2025 में पहली बार मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले जैक ड्रेपर (इंडियन वेल्स), जैकब मेन्सिक (मियामी) और कैस्पर रूड (मैड्रिड) ने ये उपलब्धि हासिल की थी। यह शेल्टन के करियर का तीसरा खिताब है, इससे पहले उन्होंने 2023 में टोक्यो और 2024 में ह्यूस्टन में जीत हासिल की थी। शेल्टन ने लगातार तीन सालों से कम से कम एक खिताब जीता है। जीत के बाद बेन शेल्टन ने कहा, 'यह एक अद्भुत एहसास है। यह एक लंबा सप्ताह रहा है। फाइनल तक का रास्ता आसान नहीं था। मेरा सर्वश्रेष्ठ टेनिस तब सामने आया जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।' खाचानोव ने शुरुआती सेट में 10 फोरहैंड विनर लगाए और उनकी ताकत ने शेल्टन को बेसलाइन के काफी पीछे धकेल दिया। लेकिन अपने कोच और पिता ब्रायन की सलाह पर, शेल्टन ने दूसरे और तीसरे सेट में कोर्ट पर अपनी पकड़ मजबूत की और आक्रामक रुख अपनाया। शेल्टन अब एटीपी हेड–टू–हेड सीरीज में खाचानोव से 2–0 से आगे हैं। इससे पहले उन्होंने खाचानोव को साल की शुरुआत में इंडियन वेल्स में भी हराया था। दोनों खिलाड़ियों को सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में भिड़ना है।

# 'वापसी का बेसब्री से इंतजार', सूर्यकुमार यादव एशिया कप की तैयारी में लगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगले महीने होने वाले एशिया कप से पहले रिकवरी के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी है। जून में सूर्यकुमार ने जर्मनी के म्यूनिख में अपनी सफल स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के बारे में इंस्टाग्राम पर एक अपडेट साझा किया था। शुक्रवार को सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें वह जिम में पसीना बहा रहे थे और अपनी फिटनेस वापस पाने के लिए अलग-अलग एक्सरसाइज कर रहे थे। उन्होंने अपने पोस्ट का कैप्शन दिया, 'जो मुझे पसंद है उसे करने के लिए वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।'

पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में बताया गया था कि यह तेजतर्रार बल्लेबाज सर्जरी से उबरने के दौरान बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ की निगरानी में है। अगले कुछ हफ्तों में सूर्यकुमार का कार्यभार काफी बढ़ने की उम्मीद है और माना जा रहा है कि वह अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं जिसकी शुरुआत 9 सितंबर से होनी है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम के सितंबर के पहले हफ्ते में यूएई जाने की उम्मीद है। यह टूर्नामेंट अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में अपना खिताब बचाने के लिए भारत की तैयारियों की शुरुआत का प्रतीक होगा। भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी श्रीलंका के साथ करेगा।

सूर्यकुमार को जून 2024 में विश्व कप जीतने के बाद भारत की टी20आई टीम की कमान सौंपी गई थी, जब रोहित शर्मा ने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को आखिरी बार जून में मुंबई टी20 लीग के दौरान खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 4 पारियों में 122 रन बनाकर टूर्नामेंट में अपने करियर का अंत किया।

सूर्यकुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के दौरान अपनी शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया। अपने रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन में इस गतिशील बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस (MI) को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ सीजन का आनंद लिया जिसमें लगातार 16 बार 25 या उससे अधिक के स्कोर दर्ज किए, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

सूर्यकुमार ने टूर्नामेंट का समापन 717 रनों के साथ किया जो किसी भी मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज द्वारा एक सीज में सबसे अधिक और आईपीएल इतिहास में किसी भी गैर-ओपनर द्वारा सबसे अधिक रन हैं। सूर्या के नेतृत्व में भारत की टी20 बल्लेबाजी ने नई



ऊंचाइयों को छुआ है, जिसमें आक्रामक इरादे और बल्लेबाजी की गहराई पर जोर दिया गया है। टीम ने लगातार विशाल स्कोर बनाए हैं, जिसमें अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ 297 रन का स्कोर भी शामिल है।

# टीम से बाहर होने के बाद भी दीपक चाहर की नेटवर्थ बढ़ी



नई दिल्ली। तेज गेंदबाज दीपक चाहर फिट नहीं होने के कारण पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर हैं। इसके बाद भी उनकी नेटवर्थ बढ़ती जा रही है। चाहर ने भारतीय टीम के लिए एकदिवसीय और टी–20 अंतरराष्ट्रीय में कुल 38 मैच खेलते हुए 47 विकेट लिए है। चाहर गेंदबाजी के साथ ही निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। उन्होंने अपना अंतिम मैच दिसंबर 2023 में खेला था। उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। बीसीसीआई का केन्द्रीय अनुबंध न मिलने के बाद भी उनकी नेटवर्थ कम नहीं हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसान चाहर की कुल संपत्ति तकरीबन 66 करोड़ रुपये रुपये है। इसमें घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से हुई कमाई भी शामिल है। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलमी में उन्हें 9.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। दीपक चाहर ब्रांड एंडोर्समेंट से भी मोटी कमाई करते हैं। चाहर ने 2016 में आईपीएल में डेब्यू किया था। इस दौरान 9 साल में उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 95 मैच खेले हैं। जिसमें 8.13 के इकॉनमी रेट से 88 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उनके नाम 95 मैचों में 117 रन हैं।



# बैटल ऑफ गलवां के बाद सलमान खान को मिली बड़ी फिल्म

सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बैटल ऑफ गलवां को लेकर सुर्खियों में हैं। इसकी शूटिंग के लिए वह बहुत मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में सलमान खान ने इस फिल्म का मोशन पोस्टर भी रिलीज किया है। फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक सलमान खान अभी इस फिल्म पर काम कर ही रहे हैं कि उनको एक और बड़ा प्रोजेक्ट मिला है।

### सलमान खान को मिली नई फिल्म

पिंकविला के मुताबिक सलमान खान को जो फिल्म मिली है वह पीरियड थ्रिलर फिल्म है। सलमान खान ने मलयालम निर्देशक महेश नारायणन के साथ कई मुलाकातें की हैं। अब सलमान खान महेश नारायणन के साथ पीरियड थ्रिलर फिल्म पर काम करने के लिए राजी हो गए हैं। यह फिल्म 1970 से लेकर 1990 के दशक में सेट की जाएगी।

### फिल्म के लिए सलमान ने ली ट्रेनिंग

बताया जाता है कि सलमान खान इन दिनों अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर फिल्में करना चाहते हैं। इस फिल्म में भी वह जमकर मेहनत करने वाले हैं। इससे पहले खबरें आईं थीं कि सलमान खान ने बैटल ऑफ गलवां के लिए काफी मेहनत की है। उन्होंने अपने घर के जिम में कई बदलाव किए थे। उन्होंने फिल्म में आर्मी का किरदार निभाने के लिए आर्मी की ट्रेनिंग ली थी।

### बैटल ऑफ गलवां के बारे में

आपको बता दें कि सलमान खान जल्द ही फिल्म बैटल ऑफ गलवां में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म साल 2020 में भारत और चीन सीमा पर हुई झड़प पर आधारित है। फिल्म में चित्रांगदा सिंह सलमान खान के साथ अहम किरदार में होंगी। इससे पहले सलमान खान फिल्म सिकंदर में नजर आए थे। यह फिल्म फ्लॉप साबित हुई थी।



# हर बार टूटने के बाद भी...

## अक्षरा सिंह ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट

भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित एक्ट्रेस अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर वे यहां अपने स्टाइलिश लुक शेयर करती हैं, साथ ही अपनी पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट भी शेयर करती दिखती हैं। सोमवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ क्रिप्टिक कैप्शन लिखा है। टूटने के बाद कोमल दिल के साथ जीना हिम्मत है अक्षरा सिंह ने आज सोमवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। वे ट्रेडिशनल लुक में दुपट्टा फ्लॉन्ट करते हुए पोज देती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, कठोर होना आसान है इस दुनिया में, पर हर बार टूटने के बाद भी कोमल दिल के साथ जीना, वह हिम्मत है।

### नेटिजन्स दी ऐसी प्रतिक्रिया

अक्षरा सिंह ने अपने पोस्ट के साथ लिखा है, दूसरों के प्रित करुण रहें। नेटिजन्स की इस पोस्ट पर सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। अधिकांश लोग रेड हार्ट इमोजी बना रहे हैं। उनके लुक के साथ-साथ कैप्शन की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, सही कहा अक्षरा बहन। एक अन्य यूजर ने लिखा है, अक्षरा अब आपको बॉलीवुड जाना चाहिए।

### पवन सिंह से जुड़ चुका है नाम



एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की निजी जिंदगी की अगर बात करें तो उनका नाम भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह के साथ जुड़ चुका है। कभी अक्षरा सिंह और पवन सिंह का कथित अफेयर खूब सुर्खियों में रहा। दोनों ने साथ में फिल्मों में काम भी किया। हालांकि, अब दोनों की राहें जुदा हैं। दोनों का ब्रेकअप एक बुरे मोड़ पर आकर हुआ। अक्षरा सिंह ने पवन सिंह पर मारपीट और हिंसा जैसे कई गंभीर के आरोप भी लगाए थे।



# इम्तियाज अली ला रहे नई फिल्म, 'साइड हीरोज' बनेंगे अभिषेक बनर्जी-अपारशक्ति खुराना और वरुण शर्मा

अभिनेता अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना और वरुण शर्मा तीनों अलग-अलग फिल्मों में अपने-अपने किरदारों के लिए काफी मशहूर है। अब ये तीनों एक ही फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म को दिग्गज निर्माता-निर्देशक इम्तियाज अली प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म का नाम 'साइड हीरोज' होगा।

### मेकर्स ने शेयर किया फनी वीडियो

मेकर्स की ओर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना और वरुण शर्मा इम्तियाज अली के सामने बैठे हैं और उनसे काम मांग रहे हैं। इम्तियाज बैठे कुछ सोच रहे हैं, तभी अपारशक्ति कहते हैं कि लगता है कि इम्तियाज सर हमारे लिए एक म्यूजिकल रोमांटिक सोच रहे हैं। इसके बाद तीनों अपारशक्ति का गाना भी गुनगुनाते हैं। वीडियो में और भी मेकर्स बैठे हैं। इस दौरान इम्तियाज कहते हैं कि फिल्म दो प्रकार की होती है या तो अपना लगे या फिर सपना लगे। तभी इम्तियाज के पास उनके किसी पुराने दोस्त का फोन आता है। फोन पर इम्तियाज और उसकी मजेदार बात होती है और अंत में वो इम्तियाज को अपने क्लास के री-यूनियन के बारे में बताता है और उस पर उन्हें बुलाता है। दोस्तों की री-यूनियन पर फिल्म लेकर आ रहे इम्तियाज बात करने के बाद इम्तियाज अली कहते हैं कि एक आइडिया है, दोस्तों पर फिल्म बनाते हैं। ये सुनकर अभिषेक, अपारशक्ति और वरुण शर्मा अपनी पिछली फिल्मों के किरदारों को याद करके दुखी हो जाते हैं और कहते हैं फिर से दोस्त। फिर इम्तियाज कहते हैं वैसे वाले दोस्त जिनसे आप जिंदगी भर पीछा नहीं छुड़ा सकते। इन दोस्तों का री-यूनियन। इसके बाद इम्तियाज फिल्म का टाइटल बताते हैं 'साइड हीरोज'। ये सुनकर तीनों कहते हैं कि मम्मी को तो लीड एक्टर बनने का बताकर आए थे। इस तरह से फिल्म का टाइटल साइड हीरोज सामने आता है।

### तीन दोस्तों की कहानी है 'साइड हीरोज'

सिद्धार्थ सेन और पंकज मट्टा द्वारा लिखित और संजय त्रिपाठी द्वारा निर्देशित 'साइड हीरोज' 2026 में फ्रेंडशिप डे पर रिलीज होगी। मेकर्स ने बताया कि फिल्म तीन बचपन के दोस्तों की कहानी है, जो कॉमेडी टच लिए हुए है। तीन दोस्त जो कई साल बाद एक री-यूनियन में फिर से मिलते हैं। 'साइड हीरोज' का निर्माण इम्तियाज अली ने महावीर जैन, मृगदीप सिंह लांबा और रियान शाह के साथ मिलकर किया है। फिल्म जल्द ही फ्लोर पर जाने की उम्मीद है।

# सन ऑफ सरदार 2 के बाद अब तेहरान में धमाल मचाएंगी नीरू बाजवा



पंजाबी सिनेमा की क्वीन नीरू बाजवा ने हाल ही में रिलीज हुई हिंदी फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में अजय देवगन की पत्नी का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीता। अब वह एक और हिंदी फिल्म 'तेहरान' में जॉन अब्राहम और मानुषी छिल्लर के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 14 अगस्त को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। नीरू के प्रशंसकों के लिए यह दोहरी खुशी का मौका है, क्योंकि वह एक के बाद एक हिंदी फिल्मों में अपनी छाप छोड़ रही हैं। नीरू ने 'तेहरान' को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए बताया कि यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म में अपने किरदार के बारे में भी हिंट दिया। नीरू ने कहा, लगातार हिंदी फिल्मों में काम करना मेरे लिए एक शानदार अनुभव है। 'सन ऑफ सरदार 2' एक कॉमेडी फिल्म थी, जबकि 'तेहरान' में मेरा किरदार गंभीर, भावनात्मक और अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने वाला है। यह एक ऐसी कहानी है, जिसे बताना जरूरी है। इस फिल्म का हिस्सा बनकर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। नीरू अपने को-एक्टर जॉन अब्राहम की तारीफ करती नजर आईं। उन्होंने कहा, जॉन के साथ काम करना एक यादगार अनुभव रहा। वह एक ड्रीम को-एक्टर हैं, जो अपने किरदार में गहराई और प्रामाणिकता लाते हैं। उनके साथ काम करने से मेरा प्रदर्शन भी बेहतर हुआ। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमें एक साथ पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। 'तेहरान' एक जियो-पॉलिटिकल फिल्म है, जो साल 2012 में दिल्ली में इजरायली दूतावास के पास हुए बम विस्फोट से प्रेरित है। यह कहानी न केवल एक्शन और ड्रामा से भरपूर है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति और नैतिक दुविधाओं को भी उजागर करती है।

# सारे जहां से अच्छा का ट्रेलर रिलीज, लास्ट वर्ल्ड वार को रोकने आगे आए प्रतीक

**प्रतीक गांधी स्टारर जासूसी वेब सीरीज सारे जहां से अच्छा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोमवार को यह ट्रेलर नेटफ्लिक्स इंडिया ने रिलीज किया है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच ड्रामा और परमाणु संघर्ष की झलक दिखाई गई है।**

### भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष की है कहानी

ट्रेलर में प्रतीक गांधी ने भारत के रॉ एजेंट का किरदार निभाया है। उन्हें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में तैनात किया गया है। वह पाकिस्तान में होने वाली परमाणु गतिविधि को रोकने की कोशिश करते हैं। इस दौरान उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है।

### प्रतीक गांधी पाकिस्तान में करते हैं संघर्ष

प्रतीक गांधी जैसे ही पाकिस्तान में राजनयिक मामलों के करीब पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट से होती है। इस किरदार को सनी हिंदुजा ने निभाया है। पाकिस्तान में प्रतीक गांधी जो कुछ भी करते हैं उनके दुश्मन उनकी हर गतिविधि पर नजर रखते हैं।

### सारे जहां से अच्छा की स्टारकास्ट

ट्रेलर में गांधी और हिंदुजा के अलावा तिलोत्तमा शोम, कृतिका कामरा, रजत कपूर और अनूप सोनी को भी दिखाया गया है। सारे जहां से अच्छा सीरीज को गौरव सुक्ला ने बनाया है।

### सारे जहां से अच्छा की रिलीज डेट सामने आई

ट्रेलर में दिखाया गया है कि अगर भारत के एजेंट जरा सा भी चूके तो पाकिस्तान परमाणु जंग शुरू कर सकता है। ऐसे में भारतीय एजेंट को पाकिस्तानी दुश्मनों को परमाणु हथियार बनाने से रोकना होता है। लास्ट वर्ल्ड वार सीरीज में सभी किरदारों ने बेहतरीन कलाकारी की है। सारे जहां से अच्छा 13 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।





# आज की पीढ़ी को रिश्ते में एडजस्ट करना नहीं सिखाया गया

छोटे पर्दे पर ऐक्टर गौरव चोपड़ा ने एक लंबा वक्त बिताया है। टीवी शो उतरन में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वहीं फिल्मों में भी उनके काम को सराहा गया। पिछले कुछ सालों से वह छोटे पर्दे से दूर थे, लेकिन अब उन्होंने पुष्पा इंपॉसिबल से वापसी की है।

**आप पिछले कई साल से छोटे पर्दे से दूर हैं। इतने वक्त तक टीवी इंडस्ट्री से दूर रहने के पीछे क्या वजह रही? क्या आप किसी बदलाव के बारे में सोच रहे थे?**

सबसे पहली बात जो बतानी जरूरी है कि अगर किसी एक मीडियम में, किसी प्लेटफार्म में, किसी ऐक्टर को दर्शकों ने अपने दिल में थोड़ी सी भी जगह दी है और आप उस प्लेटफॉर्म को छोटा समझें तो ये तो नाशुक्री की बात होगी। मेरे साथ ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। मैं वो ऐक्टर कहलाना चाहता हूं, जो मीडियम को महत्व नहीं देता। मैं अपने दर्शकों और खुद के रिश्ते को महत्व देना चाहता हूं। लोगों को इतना भरोसा होना चाहिए कि अगर ये ऐक्टर किसी शो में आ रहा है, तो अच्छा ही होगा। रहीं 4-5 साल के बाद वापसी की तो उसकी वजह एक तो कोविड था। उस समय में संजीवनी के नाम से 2020 में आखिरी शो कर रहा था। उसके बाद मेरी दुनिया ने ही एक ब्रेक ले लिया था।

**क्योंकि अपने कोविड की शुरूआत में ही ब्रेक ले लिया था, तब से अब तक दर्शक की सोच टीवी शोज और फिल्मों को लेकर काफी बदली है। वापसी के बाद आप इस बदलाव को किस तरह देख रहे हैं?**

ये बदलाव का वक्त है तो अगर देखने के माध्यम बदले हैं तो लोगों का टेस्ट भी बदलता है। जैसे इंटरनेशनल कॉन्टेंट देखने से भी लोगों की पसंद पर फर्क पड़ा है। मुझे लगता है कि ये जो बदलाव एक दौर है, एक वक्त के बाद जब बदलाव पूरा होने को होगा, तो दर्शक अपनी-अपनी पसंद के हिसाब से सेटल हो जाएंगे, जिसको जो मीडियम पसंद होगा वो उसमें कॉन्टेंट देखेगा। जो दर्शक जैसा शो देखना चाहते हैं उनके लिए वैसा ही कॉन्टेंट बनाया जाएगा।

**आपने अपने करियर में काफी काम किया है और आज एक बात कही जाती है कि काम के दबाव का असर लोगों के रिलेशनशिप पर भी पड़ रहा है, जिस वजह से रिश्ते बिखर रहे हैं। आपने भी रिलेशनशिप में ऐसा उतार-चढ़ाव देखा है? इस बारे में आप क्या सोचते हैं?**

जी काम का दबाव रिश्ते पर जरूर पड़ता है। महिलाओं और मर्दों पर अलग-अलग पड़ता है। मर्दों से काम करने की समाज की अपेक्षा एक अलग ही दबाव है जबकि महिलाओं के लिए वो सपने को पूरा करने जैसा है। मैं तो खुद को बड़ा खुशकिस्मत मानता हूं कि मैं इतने संपन्न परिवार से था कि मैं कह सका मुझे ऐक्टर बनना है, वरना एक आम लड़के को 15-16 साल की उम्र में ही इस बात का अहसास करा दिया जाता है कि जल्दी घर की जिम्मेदारी उठाने लायक बनो। जो 1950 में देखा जाता था कि शादी के लिए एक लड़के में क्या गुण होने चाहिए, वो ही आज भी देखा जाता है। महिलाओं की स्थिति काफी बदल गई है। आज ये कोई उम्मीद नहीं करता कि आप घर आएंगी तो घर का काम ही करेंगी या बच्चे पालेंगी। वो काम करना चाहें, तो करती हैं। जब एक सोशल बदलाव आता है तो उसमें एक अडजस्टमेंट की जरूरत होती है। सच्चाई ये है कि उस अडजस्टमेंट के बारे में बच्चों को जागरुक नहीं किया जा रहा, उन्हें उसके बारे में पढ़ाया नहीं जा रहा। जो आपने माता-पिता के जीवन में देखा है, अब वैसा नहीं होगा। अब जिम्मेदारी कैसे बांटनी है, बच्चे को कैसे पालना है, ये हमें सोचना होगा। इसके लिए आज की पीढ़ी को तैयार नहीं किया गया है, इस वजह से मतभेद बढ़ रहे हैं और समाज का दबाव उस रिश्ते पर असर कर रहा है।

### दिल्ली से मुंबई तक का सफर कैसा रहा?

जहां आपकी पैदाइश होती है, जहां आपने बचपन बिताया होता है, उस जगह से थोड़ा ज्यादा लगाव होता ही है। मैंने दिल्ली में सेंट कोलम्बस स्कूल से पूरी पढ़ाई की, जिसे आज के दौर में लोग शाहरुख खान के स्कूल के नाम से जानते हैं। वहां से और भी स्टार्स निकले हैं। हमारे स्कूल में इस बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाता था कि लड़कियों के प्रति आपका व्यवहार कितना जेंटलमैन वाला है। आपकी पर्सनैलिटी कैसी है, इस पर भी जोर दिया जाता था। स्कूल के बाद मैंने फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई की। कोर्स के बाद से ही मुझे ऐक्टिंग का शोक लगा था। फिर दिल्ली से मुंबई आ गया। मेरे लिए सबसे अच्छी बात ये रही है कि मुझे कभी स्ट्रगल नहीं करना पड़ा, मुझे आते ही काम मिल गया था।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।